2020 से 2022

Web Portal
www.ghatatighatana.com

सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ के लिए एक प्रकाशन...

# घटती घटना

RNI REG.NO.-CHHHIN/2004/15050
डाक पंजीयन क्रमांक- 013/रायगढ़/2020-2022

अम्बिकापुर , वर्ष 18,अंक -347 रविवार ,23 अक्टूबर 2022, पृष्ठ -8 मूल्य 2 रूपये

**ज्ञान की बातें**

विद्या तो इस लोक-परलोक को भली-भांति जानने का नाम है। उसके ज्ञान से ही मनुष्य का कल्याण होता है।
- गुरूदत्त -

## गुजरात चुनाव की तैयारियों में जुटे गृह मंत्री अमित शाह

### राज्य के भाजपा नेताओं के साथ की बड़ी बैठक



**वलसाड, 22 अक्टूबर 2022।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आगामी गुजरात विधानसभा चुनावों की तैयारियों की समीक्षा के लिए शनिवार को दक्षिण गुजरात क्षेत्र के भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ एक बैठक की। गुजरात विधानसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा की जानी अभी बाकी है। बैठक में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष एवं लोकसभा सदस्य सी आर पाटिल और मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल भी मौजूद थे। वलसाड शहर के धरमपुर चौकड़ी के पास स्थित सौराष्ट्र कडवा पाटीदार समाज हॉल में हुई बैठक में दक्षिण गुजरात के सात जिलों के पार्टी नेता, मंत्री, विधायक, सूरत के मेयर, जिला पंचायत अध्यक्ष और पदाधिकारी शामिल थे। शाह ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि दक्षिण गुजरात क्षेत्र की सीट के लिए विधानसभा चुनाव की तैयारी पूरी कर ली गई है, जिसमें सूक्ष्म योजना से लेकर चुनाव और बूथ प्रबंधन और विजय जुलूस तक शामिल है। भाजपा के वरिष्ठ नेता जोन स्तर पर पार्टी की चुनावी तैयारियों की समीक्षा के लिए राज्य का दौरा कर रहे हैं। शाह ने दक्षिण गुजरात से शुरुआत की और रविवार को वडोदरा में मध्य क्षेत्र के नेताओं से मुलाकात करेंगे। भाजपा द्वारा साझा किए गए कार्यक्रम के विवरण के अनुसार, पाटिल और मुख्यमंत्री भी कल की बैठक में मौजूद रहेंगे। निर्वाचन आयोग ने 14 अक्टूबर को कहा था कि हिमाचल प्रदेश में 12 नवंबर को चुनाव होंगे और वोटों की गिनती 8 दिसंबर को होगी। आयोग ने हालांकि, गुजरात के लिए चुनाव कार्यक्रम की घोषणा नहीं की थी। साल 2017 में, दोनों राज्यों में अलग-अलग तारीखों पर चुनाव की घोषणा की गई थी, लेकिन मतगणना एक ही दिन 18 दिसंबर को हुई थी।

## नौकरियों पर सीएम नीतीश की नकल कर रहे हैं पीएम मोदी:तेजस्वी यादव

**पटना, 22 अक्टूबर 2022।** बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने नौकरी के वादे पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की नकल करने को लेकर पीएम नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा- हम कहते रहे हैं कि बिहार मॉडल का पालन देश की अन्य सरकारें करेंगी और मुझे पता चला है कि केंद्र 75,000 युवाओं को ज्वाइनिंग लेटर बांटने जा रहा है। पीएम नरेंद्र मोदी हमारे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की नकल कर रहे हैं जो बड़ी संख्या में सफल उम्मीदवारों को ज्वाइनिंग लेटर बांट रहे हैं।



उन्होंने कहा, बिहार की आबादी 13 करोड़ है और हम स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक लाख से ज्यादा देंगे। दूसरी तरफ देश की आबादी 125 करोड़ से ज्यादा है लेकिन केंद्र 75,000 युवाओं को रोजगार दे रही है, यह देश के लोगों के साथ धोखा है। मैं भाजपा नेताओं से कहना चाहता हूं कि वह पीएम नरेंद्र मोदी के हर साल दिए गए 2 करोड़ नौकरियों के वादे पर प्रतिक्रिया दें। उस वादे की स्थिति क्या है?

## पीएम मोदी ने किया रोजगार मेला का शुभारंभ

### 75 हजार युवाओं को मिलेगी नौकरी

**नई दिल्ली, 22 अक्टूबर 2022।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज पीएम रोजगार मेला 2022 का शुभारंभ किया। रोजगार मेले के माध्यम से, विभिन्न सरकारी विभागों में 10 लाख नौकरियों के लिए एक मेगा भर्ती अभियान चलाया जाएगा। पीएम रोजगार 2022 भर्ती योजना वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शुरू की गयी । इसके माध्यम से लगभग 75,000 उम्मीदवारों को विभिन्न सरकारी नौकरियों के लिए नियुक्ति पत्र प्राप्त हुए ।

**किन पदों पर की जा रही हैं नियुक्तियां?**

जिन पदों पर नियुक्तियां की जा रही हैं उनमें केंद्रीय सशस्त्र बल कार्मिक, उप निरीक्षक, कांस्टेबल, एलडीसी, स्टेनो, पीए, आयकर निरीक्षक, एमटीएस और कई अन्य शामिल हैं । पीएम रोजगार मेला के तहत भर्ती सीधे संबंधित मंत्रालयों द्वारा या कर्मचारी चयन आयोग, संघ लोक सेवा आयोग और रेलवे भर्ती बोर्ड के माध्यम से की जाएगी । जारी आधिकारिक बयान के अनुसार, सभी मंत्रालय और विभाग मिशन मोड में स्वीकृत पदों के खिलाफ रिक्त पदों को भरने की दिशा में काम कर रहे हैं ।

बता दें कि पीएम मोदी इसके बाद मध्य प्रदेश के एक कार्यक्रम में शामिल होंगे. बता दें कि आज धनतेरस के अवसर पर पीएम नरेंद्र मोदी मध्य प्रदेश में पीएमएवाय-जी के 4.5 लाख से अधिक लाभार्थियों के 'गृह प्रवेश' में भाग लेंगे। मध्य प्रदेश में इस योजना के तहत 35,000 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से लगभग 29 लाख घरों का निर्माण किया जा चुका है ।



### चयनित उम्मीदवार 38 मंत्रालयों और विभागों में शामिल होंगे

बता दें कि पीएम मोदी ने बीते गुरुवार, 20 अक्टूबर को इसकी घोषणा की थी. पीएम रोजगार मेला का शुभारंभ भी बड़े पैमाने पर बेरोजगारी की खबरों के बीच हुआ है, जिसके लिए मोदी सरकार को बड़ी प्रतिक्रिया का सामना करना पड़ा है । इस रोजगार मेला 2022 के तहत योग्य उम्मीदवारों को लगभग 10 लाख नौकरियों की पेशकश की जाएगी. चयनित उम्मीदवार भारत सरकार के तहत 38 मंत्रालयों और विभागों में शामिल होंगे. उम्मीदवारों को ग्रुप ए और बी और ग्रुप सी स्तरों पर सरकारी नौकरी की पेशकश की जाएगी ।

## 200 करोड़ रुपए के मनी लॉन्ड्रिंग केस में जैकलीन फर्नांडिस को कोर्ट ने दी राहत

### 10 नवंबर तक मिली अंतरिम जमानत



**नई दिल्ली, 22 अक्टूबर 2022।** महाठग सुकेश चन्द्रशेखर के साथ मनी लॉन्ड्रिंग मामले में फंसी एक्ट्रेस जैकलीन फर्नांडीज को बड़ी राहत मिली है. एक्ट्रेस की अंतरिम जमानत 10 नवंबर तक बढ़ गई है. पटियाला हाउस कोर्ट ने आज यानी 22 अक्टूबर को जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए यह फैसला सुनाया है.

इस मौके पर जैकलीन भी कोर्ट में मौजूद थीं. उनकी नियमित जमानत और अन्य याचिकाओं पर 10 नवंबर को सुनवाई होगी. आपको बता दें कि 200 करोड़ रुपये के अवैध वसूली और मनी लॉन्ड्रिंग केस में मुख्य आरोपी सुकेश चंद्रशेखर के साथ ही जैकलीन को आरोपी बनाया गया है. इस मामले को लेकर जैकलीन की ओर से पटियाला हाउस कोर्ट में नियमित जमानत याचिका दायर की गई थी.

इस बार भी जैकलीन वकील के कपड़ों में कोर्ट पहुंचीं, ताकि कोई उन्हें पहचान न सके. बता दें कि ठग सुकेश चंद्रशेखर से जुड़ी 200 करोड़ के ठगी मामले में चल रही ईडी जांच में जैकलीन अहम गवाह हैं. इसके पहले भी जैकलीन ने जमानत याचिका दायर की थी जिस पर 26 सितंबर को कोर्ट ने 50 हजार रुपए के बेल बॉन्ड पर एक्ट्रेस को अंतरिम जमानत दे दी थी. जैकलीन की जमानत याचिका को लेकर कोर्ट ने प्रवर्तन निदेशालय से जवाब भी मांगा था. मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक एडिशनल सेशन जज शैलेंद्र मलिक ने कहा था कि जब तक इसका जवाब नहीं मिलता है, तब तक उनकी रेगुलर बेल कोर्ट में पेंडिंग रहेगी.

## हिमाचल चुनाव के लिए भाजपा ने जारी की स्टार प्रचारकों की लिस्ट

**नई दिल्ली, 22 अक्टूबर 2022।** हिमाचल प्रदेश विधान सभा चुनाव के लिए भाजपा ने अपने स्टार प्रचारकों की लिस्ट जारी कर दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह समेत 40 नेताओं को स्टार प्रचारकों की इस लिस्ट में शामिल किया गया है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, हरियाणा सीएम मनोहर लाल, उत्तराखंड सीएम पुष्कर सिंह धामी के अलावा हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर को भी भाजपा ने हिमाचल चुनाव के लिए स्टार प्रचारक बनाया है।




## आज से लगातार 6 दिन तक बंद रहेंगे बैंक

**नई दिल्ली, 22 अक्टूबर 2022।** दिवाली का त्योहार आने वाला है। इस सोमवार 24 अक्टूबर को दिवाली है और आज शनिवार 22 अक्टूबर को धनतेरस है। धनतेरस से शुरू होकर भाई दूज तक दिवाली का त्योहार मनाया जाता है। ऐसे में अगर आपका बैंकिंग संबंधित कोई काम है तो आपको लंबा इंतजार करना पड़ सकता है। दरअसल, इन दिवाली से भाई दूज तक अलग-अलग शहरों में बैंकों की छुट्टियां हैं।




अलग-अलग शहरों के लिए नियम आरबीआई के हॉलिडे कैलेंडर के मुताबिक, अगले 10 दिन में 8 दिन बैंक बंद रहेंगे। इनमें साप्ताहिक छुट्टी भी शामिल हैं। ऋद्ध हॉलिडे कैलेंडर के मुताबिक, दिवाली, गोवर्धन पूजा और भाईदूज के अवसर पर अलग अलग शहरों में बैंक बंद रहने वाले हैं। हालांकि, राज्यों और राज्यों और शहरों में बैंकों की छुट्टियां अलग-अलग होती हैं। कई राज्यों के प्रमुख त्योहारों पर सिर्फ उन्हीं राज्यों में बैंकों में अवकाश होगा।

## महिला इंजीनियर से गैंगरेप, 10 लोगों ने की हैवानियत, आरोपी फरार

**चाईबासा, 22 अक्टूबर 2022।** झारखंड में रेप और हत्या की खबरें आम होती जा रही हैं। गुरुवार की शाम भाई के दोस्त के साथ पुराना चाईबासा एयरपोर्ट घूमने गयी सॉफ्टवेयर इंजीनियर युवती (26 वर्ष) से दस युवकों ने गैंगरेप किया। घटना गुरुवार देर शाम की है। नाजुक हालत में युवती का इलाज चाईबासा सदर अस्पताल में चल रहा है। बदमाशों ने युवती और उसके भाई के दोस्त के साथ लूटपाट भी की और दोनों को मारपीट कर बुरी तरह से जख्मी कर दिया।



इधर, वारदात के 24 घंटे बीत जाने के बाद भी पुलिस एक भी आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर पाई है। मामले में युवती के बयान पर मुफस्सिल थाने में 10 अज्ञात युवकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। जांच जारी है।

## पांच साल की मासूम को आवारा कुत्तों ने नोचकर मार डाला,सामान लेने दुकान गई थी बच्ची

**खरगौन, 22 अक्टूबर 2022।** मध्य प्रदेश के खरगोन जिले से एक दुखद खबर सामने आई है. यहां सामान लेने दुकान गई पांच साल की बच्ची को आवारा कुत्तों ने नोंच-नोंचकर मार डाला. आधा दर्जन से ज्यादा कुत्तों ने मासूम पर एक साथ हमला बोल दिया. जब तक कोई उसे बचाने दौड़ता तब तक बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई. हमले के दौरान उसके साथ कोई नहीं था.



बच्ची के पिता मजदूर हैं और वह काम पर गए हुए थे. घायल बच्ची को बेदिया के एक सरकारी अस्पताल और बाद में जिला अस्पताल ले जाया गया, लेकिन इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया.

यह दर्दनाक घटना बेदिया थाना क्षेत्र के बकावा गांव की है. पुलिस के अनुसार मासूम बच्ची सोनिया अपने घर से सामान लेने के लिए किराने की दुकान पर जा रही थी. इसी दौरान कुत्तों ने अचानक उस पर हमला कर दिया और उसकी गर्दन को दबोच लिया. शोर शराबा होने पर इकठ्ठा हुए ग्रामीणों ने बड़ी मुश्किल से कुत्तों की गिरफ्त से मासूम को छुड़ाया. लेकिन इलाज के दौरान मासूम ने दम तोड़ दिया.

अब सवाल ये उठ रहा है कि आखिर कैसे आवारा कुत्तों के आतंक की वजह से एक मासूम की जिंदगी चली गई. कब तक आवारा कुत्तो की वजह से मासूमों की जान जाती रहेगी ? इस पर शासन-प्रशासन को गौर करना बेहद जरुरी है.

## यूक्रेन में फंसे 1500 भारतीय छात्र नहीं लौटना चाहते स्वदेश

**नई दिल्ली, 22 अक्टूबर 2022।** पिछले करीब नौ माह से यूक्रेन व रूस के बीच जबर्दस्त जंग जारी है। जंग में सैकड़ों लोग मारे जा चुके हैं। युद्ध के कारण यूक्रेन में फंसे 1500 भारतीय छात्रों ने स्वदेश वापसी से इनकार कर दिया है। उन्होंने साफ कह दिया है कि वे यहीं पढ़ेंगे या मरेंगे। इस दौरान यदि मर गए और ताबूत में आना पड़ा, तो भी उन्हें मंजूर है। उनके पास इसके अलावा कोई विकल्प नहीं है।

सैकड़ों भारतीय छात्रों समेत लाखों लोग यूक्रेन छोड़कर जा चुके हैं, लेकिन अब भी वहां 1500 भारतीय छात्रों के फंसे होने की जानकारी मिली है। ये छात्र भारत सरकार के दिशा निर्देश नहीं मान रहे हैं और स्वदेश लौटने से इनकार कर रहे हैं।

**केंद्र पर आरोप-कोई विकल्प नहीं छोड़ा**

यूक्रेन में फंसे विद्यार्थियों का आरोप है कि भारत सरकार ने उनके समक्ष कोई विकल्प नहीं छोड़ा है। इन छात्रों में से कुछ छात्र ऑनलाइन पढ़ाई कर रहे हैं। यूक्रेन से लौटे विद्यार्थियों की भावी पढ़ाई को लेकर सुप्रीम कोर्ट में मामला लंबित है। इस पर एक नवंबर को सुनवाई होगी। यूक्रेन में अटके छात्रों को भी इसका इंतजार है।



**कुछ माह पहले यूक्रेन लौट गए थे**

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार ये छात्र भारत सरकार की सलाह मानने को तैयार नहीं हैं। सरकार ने इन छात्रों को तुरंत स्वदेश लौटने की सलाह दी है। इसके बाद भी 1,500 से अधिक भारतीय छात्र, जो वापस यूक्रेन चले गए थे, स्वदेश नहीं लौटना चाहते हैं। उनका कहना है कि वे यूक्रेन में रहकर ही अपनी पढ़ाई पूरी करना चाहते हैं। इस दौरान यदि मर गए तो ताबूत में लौटेंगे।

**स्वदेश लौटे छात्रों का भविष्य अधर में**

इन्हीं में से एक विद्यार्थी ने कहा कि हमें भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, लेकिन हम पढ़ाई पूरी करने के बाद ही स्वदेश आएंगे। उनके पास यूक्रेन में ही रहने के अलावा कोई चारा नहीं है, क्योंकि भारत सरकार ने उन्हें भारतीय चिकित्सा संस्थानों में प्रवेश देने से पहले ही हाथ खड़े कर दिए हैं। स्वदेश लौटे छात्रों का भविष्य अधर में है।

चूंकि, भारत में मेडिकल शिक्षा की निगरानी करने वाले राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग का कहना है कि वह ऑनलाइन कक्षाओं के माध्यम से प्राप्त डिग्री को अनुमति नहीं देगा। इसलिए इन छात्रों का कहना है कि उनके सामने यूक्रेन में रहकर ही पढ़ाई करने के अलावा और कोई विकल्प नहीं है।



## संपादकीय

# प्रियंका कब शामिल होंगी यात्रा में?

कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा के 40 दिन से ज्यादा हो गए। कांग्रेस के तमाम बड़े नेता कई कई बार इस यात्रा में शामिल हो चुके। परंतु अभी तक प्रियंका गांधी वाड्रा भारत जोड़ो यात्रा में शामिल नहीं हुई हैं। सोनिया गांधी की सेहत अच्छी नहीं थी इसके बावजूद वे कर्नाटक के मैसुरू में इस यात्रा का हिस्सा बनीं। प्रियंका के बारे में कहा जा रहा था कि वे सोनिया गांधी के बाद इस यात्रा में शामिल होंगी। सोनिया छह अक्टूबर को यात्रा का हिस्सा बनी थीं और उसके अगले दिन यानी सात अक्टूबर को प्रियंका के यात्रा में शामिल होने की खबर थी। फिर कहा गया कि वे 14 या 15 अक्टूबर को यात्रा में शामिल होंगी। इसके बाद खबर आई कि यात्रा के एक हजार किलोमीटर पूरे होने पर बेल्लारी में जो रैली होगी उसमें वे शामिल होंगी। लेकिन अभी तक वे यात्रा में हिस्सा लेने नहीं गई हैं। प्रियंका गांधी वाड्रा के लिए कहा गया कि वे हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस को चुनाव लड़वाएंगी। यह भी चर्चा रही कि सोनिया और राहुल गांधी दोनों की गैरहाजिरी में वे गुजरात और हिमाचल दोनों जगह चुनाव प्रचार का मुख्य चेहरा होंगी। लेकिन राहुल के यात्रा पर निकलने के बाद पिछले करीब डेढ़ महीने में प्रियंका ने हिमाचल प्रदेश में सिर्फ एक रैली की है। इसके अलावा वे किसी राजनीति कार्यक्रम में शामिल नहीं हुईं। गुजरात में भाजपा और आम आदमी पार्टी ने अलग अलग तरीके से आमने सामने का मुकाबला बनवाया है लेकिन प्रियंका का कोई कार्यक्रम न हुआ है और न अगले कुछ दिन में प्रस्तावित है। अब सवाल है कि ऐसा क्यों हो रहा है कि वे न तो भारत जोड़ो यात्रा में जा रही हैं और न दोनों चुनावी राज्यों में अपने को झोंक कर प्रचार कर रही हैं? जानकार सूत्रों का कहना है कि राहुल गांधी की टीम नहीं चाहती है कि अभी प्रियंका इस यात्रा का हिस्सा बनें। असल में दक्षिण भारत के राज्यों में कांग्रेस की इस यात्रा को बहुत शानदार रिस्पांस मिला है। तमिलनाडु, केरल और कर्नाटक तीनों राज्यों में लोगों की भीड़ उमड़ी। लोगों के साथ राहुल का कनेक्ट बना और वे लोगों के साथ सहज रूप से मिल रहे हैं, संवाद कर रहे हैं।तभी उनकी टीम नहीं चाहती है कि उनके ऊपर से फोकस हटे। अगर प्रियंका गांधी वाड्रा यात्रा में शामिल होती हैं तो उनके ऊपर फोकस होगा। उनकी चर्चा होगी।


## उन झुकी नजरों का



**पुष्पा स्वाती**
मुम्बई

उन झुकी नज़रों का जब, दिल को मिला सलाम।
ढल गई लम्हें में धूप, हो गई सुरमई शाम।
यादों का उनकी ज़िक्र जो, गज़ल में आ गया,
अश्कों से भर गए हैं, आंखों के दोनों जाम।
आओ के अब आईने से, कुछ गुफ्तगु करें,
हम कौन हैं, आए हैं क्या, लेके यहां पयाम।
भटक रही हयात, न जाने कहां कहां,
मंजिल भी लापता है, रास्ते भी हैं गुमनाम।
इस रुह के ऐवान को, जिसने किया रौशन,
तस्बीह चल रही है, ले के उसी का नाम।


## बचपन किधर गया



**प्रियंका अग्निहोत्री गीत**
वाराणसी उत्तरप्रदेश

पसर दिल में बेनाम सा डर गया
देर शाम घबरा कर के मैं घर गया
नूर सा जो आँखों में चमकता था
एक पल में वो दिल से उतर गया
एक शख़्स था मानो घड़ी जैसा
वो गया तो ये वक़्त भी ठहर गया
रह गया याद के पन्नों में बस कर
याद नहीं कि बचपन किधर गया
टूटते टूटते इतना टूट चुका गीत
तुमने ज़रा छुआ कि मैं बिखर गया

## चुरा लाये



**ओमप्रकाश बिन्जवे ÷ राजसागर**
भोपाल,मध्यप्रदेश

अनकहे सवालों के जवाब चुरा लाये।
निंदयारी। पलकों से। ख्वाब चुरा लाये।
खुले आसमां के इन दरीचों पे टंगे थे,
तुम्हारे लिए हम वो माहताब चुरा लाये।
कैद थी जिनमें बचपन की अठखेलियाँ,
माज़ी के दयार से वो किताब चुरा लाये।
तेरी। शरबती आँखों में छलक रहे थे,
अपने लबों पे हम वो शराब चुरा लाये।
थोड़ी तश्नगी थोडी आबे हयात सागर,
आप क्या जाने क्या क्या जनाब चुरा लाये।

## जिन्दगी में जब



**आशीष शर्मा अमृत**
जयपुर, राजस्थान

ज़िन्दगी में जब ख़ुद को पाओ अकेले
अपने यारों की टोली को याद कर लेना
कर लेना दो चार बातें दिल की,किसी से
उसे अपने दिल में दबा के यूँ मत रखना
बड़ी कीमती है तुम्हारी ये ज़िन्दगी यारा
कर खत्म इसे,अपनों को यूँ न मार जाना
ताउम्र बहेंगे तुम्हारी याद में इनके आँसू
उनके लिए घाव नासूर तुम न बना जाना
अरमानों से पाला, जिन अपनों ने तुम्हें
उनके उस लाड़ प्यार को न भुला जाना
वो ख्वाब जो बुने अपनों ने,संग तुम्हारे
उनके सपनो को तुम यूँ न झुठला जाना
ज़िन्दगी में जब खुद को पाओ जो अकेले
किसी अपने को उस पल तुम याद करना
कह देना सब बातें ,जो है दिल में तुम्हारे
कोई क्या सोचेगा? ये ख्याल मत करना
किस्मत से मिलती है शौहरत की दौलत
खुद के बनाये मुकाम को न मिटा जाना
बने हो एक मिसाल तुम लाखों के लिए
उनके उस विश्वास को न तुम तोड़ जाना

# चौथी औद्योगिक क्रांति का नेतृत्व



**शाम लाल कौशल**
रोहतक हरियाणा

किसी भी देश का आर्थिक विकास उस देश की अर्थव्यवस्था के तीन क्षेत्रों अर्थात प्राथमिक क्षेत्र, कृषि तथा प्रकृति पर निर्भर रहने वाली अन्य आर्थिक क्रियाएं, माध्यमिक क्षेत्र अर्थात् कच्चे माल से पक्का माल बनाना जिसमें सभी प्रकार के उद्योग धंधे आ जाते हैं और तीसरा, टर्यशरी क्षेत्र अर्थात सेवा क्षेत्र आ जाते हैं! यह क्षेत्र प्राथमिक तथा माध्यमिक क्षेत्र को सड़कें, बिजली, प्रशिक्षण, आईटी आदि की सुविधाएं देता है! जैसे-जैसे किसी देश में आर्थिक विकास होता है, वैसे वैसे उस देश में प्राथमिक क्षेत्र का महत्व कम होता है तथा माध्यमिक और टर्यशरी क्षेत्र का महत्व बढ़ता है ! यह आर्थिक विकास की प्रक्रिया है! आजकल किसी देश का औद्योगिक विकास उस देश के आर्थिक विकास का मापदंड बन गया है! हम जानते हैं कि विश्व में पहली औद्योगिक क्रांति इंग्लैंड में आई थी! अब तक विश्व में तीन औद्योगिक क्रांतियाँ आ चुकी है, जिनका लाभ विश्व के लगभग सभी देश उठा रहे हैं! अब चौथी औद्योगिक क्रांति की संभावना बढ़ती जा रही है! /भारी उद्योग मंत्रालय द्वारा आयोजित सम्मेलन में प्रधानमंत्री का संदेश पढ़कर ऐलान करना कि भारत चौथी औद्योगिक क्रांति का नेतृत्व करेगा! इस प्रकार की घोषणा कुछ बातों को ध्यान में रखकर की गई! पहली बात तो यह भारत 140 करोड़ आबादी वाला देश है जिसमें युवा शक्ति कुछ भी कर सकने में सक्षम है! इतनी बड़ी आबादी की मांग ज्यादा होने के कारण औद्योगिक क्रांति को लाने में सहायता मिल सकती है! भारत में जो सुशासन है और राजनीतिक नेतृत्व में शीघ्र निर्णय लेने की क्षमता है उससे चौथी औद्योगिक क्रांति का नेतृत्व करना भारत के लिए कोई मुश्किल काम नहीं! बेशक विश्व के आर्थिक हालात आजकल ठीक नहीं जिस तरह भारत ने कोरोना काल में महामारी का सफलतापूर्वक सामना किया तथा विश्वव्यापी मंदी के बावजूद अर्थव्यवस्था को फिर से पटरी पर लाने में सफलता प्राप्त की और विदेशी निवेश को प्रोत्साहन दिया, उस को ध्यान में रखकर भारत द्वारा चौथी औद्योगिक क्रांति का नेतृत्व करना कोई कठिन काम नहीं! दुनिया में जब अधिकांश अर्थव्यवस्थाएं लड़खड़ा रही हैं वहां भारत में विकास का लगभग 7% होना विश्व को चिढ़ाने वाली बात है! इसके अलावा सरकार ने.. जीएसटी द्वारा.... एक देश एक कर... की नीति को अपनाकर उससे सरकार का राजस्व चमत्कारी ढंग से बढ़ गया है! यूक्रेन रूस युद्ध के कारण अधिकांश देशों पर इसका बुरा प्रभाव पड़ा है, लेकिन रूस से रियायती दरों पर पेट्रोल लेकर देश में पेट्रोल की कीमतों को कम किए बिना सरकार ज्यादा कीमतों पर इसे बेच रही है उससे ना केवल पेट्रोल कंपनियों का घाटा पूरा हो रहा है बल्कि सरकारी खजाना भी भर रहा है! इस तरह भारत की सुदृढ़ वित्तीय स्थिति उसे औद्योगिक क्रांति का नेतृत्व करने में सक्षम बनाती है! बेशक हरित क्रांति के बाद पंजाब या देश के किसी और भाग में कृषि में और कोई क्रांति नहीं आई, लेकिन इसके बावजूद भी कोरोना काल में जब और आर्थिक क्रियाएं औंधे मुंह गिर रही थी तब कृषि ही थी जो 3 से 4% तक विकास कर रही थी! सरकार का कहना है कृषि के विकास तथा सुधार के लिए उसने जो उपाय किए हैं , इसके आधुनिकीकरण के उपाय किए हैं उसके सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं जोकि चौथी औद्योगिक क्रांति का नेतृत्व करने में हमारी मदद करेंगे! इन सब बातों को ध्यान में रखते हुए भारत को यह उम्मीद है कि वह विश्व में चौथी औद्योगिक क्रांति लाने का श्रेय ले सकता है!

लेकिन इन सब दावों के बावजूद के नेतृत्व का ऐसा सोचना.... मुंगेरीलाल के हसीन सपने.. जैसा ही है! तस्वीर का दूसरा हिस्सा निराशा पैदा करने वाला है! आई एम एफ के अनुसार 2026 तक वैश्विक उत्पादन में 400000 करोड डालर का नुकसान होगा और विश्वव्यापी मंदी गंभीर स्थिति अख्तियार कर लेगी! इसमें भारत भी अछूता नहीं रह सकेगा! बेशक भारत युवाओं का देश है और युवा लोग कुछ भी कर सकते हैं! लेकिन यह दुर्भाग्य की बात ही है कि अधिकांश पढ़े लिखे तथा अनपढ़ युवाओं को काम नहीं मिलता! काम की तलाश में वे विदेशों में भटकते हैं! इस तरह प्रतिभा पलायन होता है जो अब तक जारी है! उन्हें अपने देश में अपना भविष्य उज्जवल नहीं लगता! अतः प्रतिभावान युवाओं के ना होने से चौथी औद्योगिक क्रांति की संभावना क्षीण लगती है! क्योंकि भारत की अर्थव्यवस्था इतनी सुदृढ़ नहीं हो सकी इसलिए इस सरकार को लोगों को भूखा मरने से बचाने के लिए लगभग 80 करोड लोगों को 5 किलो प्रति व्यक्ति अनाज देकर इनको भुखमरी से बचाने का यतन करना पड़ रहा है! ऐसी स्थिति में भारत चौथी औद्योगिक क्रांति का नेतृत्व कैसे कर सकता है! इसके अलावा जब लोगों को... मुफ्तखोरी... की आदत पड़ जाए तो वो काम क्यों करेंगे? हमारे देश में काम करने वाले लोगों का लगभग आधा भाग तो बेकार ही रहते हैं जिसकी वजह से मांग कम और उत्पादन भी कम और निर्यात भी कम! ऐसी स्थिति में जब अर्थव्यवस्था का आधार ही मजबूत नहीं तो चौथी औद्योगिक क्रांति का नेतृत्व कैसे होगा? भारत में विकास दर की 7% की जो बात कहीं जा रही है, उस पर भी सवालिया निशान लगाया जा सकता है क्योंकि इस विकास दर में भी उतार-चढ़ाव आता रहता है! भारत का एकमात्र सशक्त सेवा क्षेत्र भी कमजोर पड़ता जा रहा है! सरकार का यह दावा कि उसकी वित्तीय स्थिति जीएसटी की वजह से सुदृढ़ हो रही है, संशय पैदा करने वाली है क्योंकि अगर जीएसटी से प्राप्त राजस्व में वृद्धि कुल उत्पादन में बढ़ोतरी के कारण हो तब तो ठीक है लेकिन कुल उत्पादन में तो कोई विशेष वृद्धि नहीं हुई, वर्तमान उत्पादन पर ही पहले के मुकाबले में ज्यादा जीएसटी लगाकर साधनों को बढ़ाने का काम आंखों में धूल झोंकने वाला है! अतः इस तरह सरकारी राजस्व में जो वृद्धि हो रही है उसके फल स्वरूप लोगों की आमदनी कम हो रही है क्रय शक्ति के कम हो जाने से उत्पादन कम हो रहा है! अमेरिका में व्याज की दरों में वृद्धि होने के कारण निवेशकर्ता लोग विदेशों से अपना पैसा निकाल कर बैंकों में जमा करवा रहे हैं ताकि उनको ज्यादा लाभ मिल सके! इसके परिणाम स्वरूप भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश कम हो रहा है जिसका चौथी औद्योगिक क्रांति लाने में भारत की मदद नहीं कर सकता!

इस तरह हम यह कह सकते हैं कि भारत के द्वारा विश्व में चौथी औद्योगिक क्रांति लाने का सपना एक सपना मात्र ही है, असल में ऐसा कुछ नहीं हो सकता!

# डॉलर और रुपया में कौन है भारी

हाल ही में अमेरिका के केन्द्रीय बैंक फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दर में इजाफा किए जाने और मौद्रिक नीति को आगे और भी सख्त बनाए जाने के संकेत के साथ साथ 5 अक्टूबर को तेल उत्पादक देशों के संगठन ओपेक के द्वारा तेल उत्पादन में भारी कटौती पर जिस तरह सहमति व्यक्त की गई है, उससे 7 अक्टूबर को डॉलर के मुकाबले रुपया रिकॉर्ड निचले स्तर पर लुढ़ककर 82.33 पर पहुंच गया । रूस-यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद से रुपए में यह सबसे बड़ी गिरावट है । स्थिति यह है कि अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये की ऐतिहासिक गिरावट के बाद कई भारतीय कंपनियां इससे बचने के लिए फॉरवर्ड कवर की कवायद में हैं, क्योंकि उन्हें चिन्ता है कि फेडरल रिजर्व के ताजा संकेत से इसी वर्ष 2022 में ब्याज दर में और इजाफा हो सकता है, जिससे डॉलर और मजबूत होगा । निश्चित रूप से रूस - यूक्रेन युद्ध के बाद अब चीन ताइवान के बीच तनाव और वैश्विक आर्थिक मंदी की आशंकाओं के बीच जिस तरह उससे डॉलर के मुकाबले रुपए की कीमत में बड़ी फिसलन से जहां इस समय भारतीय अर्थव्यवस्था की मुश्किलें बढ़ रही हैं, वहीं आर्थिक विकास योजनाएं प्रभावित हो रही हैं । विदेशी मुद्रा भंडार 30 सितम्बर को दो साल के निचले स्तर पर घटकर 533 अरब डॉलर रह गया है । इतना ही नहीं महंगाई से जूझ रहे आम आदमी की चिंताएं और बढ़ती हुई दिखाई दे रही हैं । उर्वरक एवं कच्चे तेल के आयात बिल में बढ़ोतरी होगी। अधिकांश आयातित सामान महंगे हो जायेंगे । यद्यपि रुपए की कमजोरी से आईटी, फार्मा, टेक्सटाइल जैसे विभिन्न उत्पादों के निर्यात की संभावनाएं बढ़ी हैं, लेकिन अधिकांश देशों में मंदी की लहर के कारण निर्यात की चुनौती दिखाई दे रही है । वस्तुतः डॉलर के 1 मुकाबले रुपये के कमजोर होने का प्रमुख कारण बाजार में रुपये की तुलना में डॉलर की मांग बहुत ज्यादा हो जाना है । वर्ष 2022 की शुरुआत ही संस्थागत विदेशी निवेशक (एफआईआई) बार-बार बड़ी संख्या में भारतीय बाजारों से पैसा निकालते हुए दिखाई दिये हैं । ऐसा इसलिए हुआ है क्योंकि अमेरिका के केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व के द्वारा अमेरिका में ब्याज दरें बहुत तेजी से बढ़ाई जा रही हैं । दुनिया के कई विकसित देशों के द्वारा भी ब्याज दरें तेजी से बढ़ाई जा रही हैं । ऐसे में भारतीय शेयर बाजार में निवेश करने के इच्छुक निवेशक अमेरिका सहित अन्य विकसित देशों में अपने निवेश को ज्यादा लाभप्रद और सुरक्षित मानते हुए भारत की जगह अमेरिका व विकसित देशों में निवेश को प्राथमिकता भी दे रहे हैं। गौरतलब है कि अभी भी दुनिया में डॉलर सबसे मजबूत मुद्रा है। दुनिया का करीब 85 फीसदी व्यापार डॉलर की मदद से होता है। साथ ही दुनिया के 39 फीसदी कर्ज डॉलर में दिए जाते हैं । इसके अलावा कुल डॉलर का करीब 65 फीसदी उपयोग अमेरिका के बाहर होता है । चूंकि भारत अपनी क्रूड आयल की करीब 80-85 फीसदी जरूरतों के लिए व्यापक रूप से आयात पर निर्भर है। रूस यूक्रेन युद्ध के मद्देनजर कच्चे तेल और अन्य कमोडिटीज की कीमतों में बढ़ोतरी की वजह से भारत के द्वारा अधिक डॉलर खर्च करने पड़ रहे हैं । साथ ही देश में कोयला, उर्वरक, वनस्पति तेल, दवाई के कच्चे माल, केमिकल्स आदि का आयात लगातार बढ़ता जा रहा है । ऐसे में डॉलर की जरूरत और ज्यादा बढ़ गई है। स्थिति यह है कि भारत जितना निर्यात करता है, उससे अधिक वस्तुओं और सेवाओं का आयात करता है। इससे देश का व्यापार संतुलन लगातार प्रतिकूल होता जा रहा है । निःसंदेह कमजोर होते रुपए की स्थिति से सरकार और रिजर्व बैंक दोनों चिन्तित हैं और इस चिन्ता को दूर करने के लिए यथोचित कदम भी उठा रहे हैं । रिजर्व बैंक ने रुपए में तेज उतार-चढ़ाव और अस्थिरता को कम करने के लिए यथोचित कदम उठाए हैं और आरबीआई द्वारा उठाए गए ऐसे कदमों से रुपए की तेज गिरावट को थामने में मदद मिली है । आरबीआई ने कहा है कि अब वह रुपये की विनिमय दर में तेज उतार-चढ़ाव की अनुमति नहीं देगा । आरबीआई का कहना है कि विदेशी मुद्रा भण्डार का उपयुक्त उपयोग रुपए की गिरावट को थामने में किया जायेगा। अब आरबीआई ने विदेशों से विदेशी मुद्रा का प्रवाह देश की ओर बढ़ाने और रुपये में गिरावट को थामने, सरकारी बांड में विदेशी निवेश के मानदण्ड को उदार बनाने और कंपनियों के लिए विदेशी उधार सीमा में वृद्धि सहित कई उपायों की घोषणा की है । ऐसे उपायों से एफआईआई पर अनुकूल कुछ असर पड़ा है । इस समय रुपए की कीमत में गिरावट को रोकने के लिए और अधिक उपायों की जरूरत है । इस समय डॉलर के खर्च में कमी और डॉलर की आवक बढ़ाने के रणनीतिक उपाय जरूरी हैं । अब रुपये में वैश्विक कारोबार बढ़ाने के मौके को मुट्ठियों में लेना होगा । भारतीय 1 रिजर्व बैंक के द्वारा भारत और अन्य देशों के बीच व्यापारिक सौदों का निपटान रुपये में किये जाने सम्बन्धी महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है । विगत 11 जुलाई को भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के द्वारा भारत व अन्य देशों के बीच व्यापारिक सौदों का निपटान रुपये में किए जाने संबंधी निर्णय के बाद इस समय डॉलर संकट का सामना कर रहे रूस, इंडोनेशिया, श्रीलंका, ईरान, एशिया और अफ्रीका के साथ विदेशी व्यापार के लिए डॉलर के बजाय रुपए में भुगतान को बढ़ावा देने की नई संभावनाएं सामने खड़ी हुई दिखाई दे रही हैं । हाल ही में 7 सितंबर को वित्त मंत्रालय ने सभी हितधारकों के साथ आयोजित बैठक में निर्धारित किया कि बैंकों के द्वारा दो व्यापारिक साझेदार देशों, की मुद्राओं की विनिमय दर बाजार आधार पर निर्धारित की जायेगी ।

**-अजय दीक्षित-**

# हिंदी के मार्ग में सौ-सौ रोड़े

इधर भोपाल में गृहमंत्री अमित शाह ने मेडिकल की तीन हिंदी किताबों का विमोचन किया, जो कि मेरी राय में बहुत ही महत्वपूर्ण एतिहासिक शुभारंभ है लेकिन उसके साथ ही दो विपरीत प्रवृत्तियां भी सामने आई हैं। पहली तो यह कि कुछ लोगों ने हिंदी में प्रकाशित उन पुस्तकों का मजाक उड़ाया है। उन्होंने एकाध पुस्तक के कुछ पृष्ठों को प्रसारित करके बताया कि अनुवादकों ने कैसे हिंदी पर अंग्रेजी शब्दों को थोप रखा है और जो नमूना वे फेसबुक और इंटरनेट पर प्रचारित कर रहे हैं, उसका मूल सार यह है कि वह हिंदी की किताब नहीं है बल्कि हिंदी लिपि में छपी अंग्रेजी की ही किताब है।

वे जिस पृष्ठ को दिखा-दिखाकर यह बात कह रहे हैं, उसे देखकर उनकी बात ठीक भी लगती है। यह जो अनुवाद हुआ है, उसे मप्र के मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य-शिक्षा मंत्री यदि हिंदी के कुछ विद्वानो को पहले दिखवा लेते तो ठीक रहता लेकिन यह भी सराहनीय है कि अंग्रेजी की पढ़ाई में डूबे हुए डाक्टरों ने कुछ न कुछ पहल इतने कम समय में कर ही डाली है।

यदि मप्र सरकार के नेता और अफसर थोड़ी सावधानी बरतते तो उनसे यह चूक नहीं होती। यही हाल भोपाल के अटलबिहारी वाजपेयी हिंदी विश्वविद्यालय का हुआ है। अब से लगभग एक दशक पहले मेरे और सुदर्शनजी के आग्रह पर भोपाल में यह विश्वविद्यालय खोला गया था। उसके प्रथम स्थापना दिवस भाषण में मैंने बताया था कि यह वि.वि. देश का सर्वश्रेष्ठ वि.वि. बनकर कैसे दिखा सकता है। यह आक्सफोर्ड, केम्ब्रिज, कोलंबिया और हार्वर्ड से भी आगे कैसे निकल सकता है। लेकिन इस दिशा में वह आज तक एक कदम भी आगे नहीं बढ़ सका है। किसी को कोई अफसोस नहीं है।

जरुरी है कि हिंदी में हम जो भी काम करें, वह अंग्रेजी से बेहतर हो। यदि बेहतर न हो सके तो आप उसे करते ही क्यों हैं? मप्र सरकार ने मेडिकल किताबें हिंदी में बनाने की जो पहल की है, उस पर दूसरी आपत्तियां जोरदार शब्दों में बंगाल और दक्षिण भारत से उठ रही हैं। इन प्रांतों के कई डाक्टरी और शैक्षणिक संगठनों ने बयान जारी करके कहा है कि अंग्रेजी की किताबों के हिंदी अनुवाद में अर्थ का अनर्थ हो जाता है। डाक्टरी के धंधे में यह अनर्थ रोगी के लिए जानलेवा सिद्ध हो सकता है। यह तर्क कुछ हद तक ठीक है। इसका हल यह है कि हिंदी के मूलपाठ में या तो अंग्रेजी नामों को ज्यों का त्यों इस्तेमाल कर लिया जाए या कोष्ठकों में रख दिया जाए। जहां तक हिंदी माध्यम से पढ़े डाक्टरों के विदेश जाने का सवाल हे, वे अंग्रेजी पर अपनी लार क्यों टपकाएँ? भारत में ही सेवा क्यों न करें?

**-वेद प्रताप वैदिक-**

# दीपों का महापर्व दीपावली



**भोलाराम सिन्हा**
मगरलोड धमतरी छत्तीसगढ़

छत्तीसगढ़ संस्कृति और परंपराओं की महकती बगिया है यहां के प्रत्येक त्योहारों का अपना अलग ही महत्व है।बारहो महीने मनाए जाने वाले स्थानीय लोक पर्व तीज त्योहारों के अलावा राष्ट्रीय स्तर पर पूरे देश भर में मनाएं जाने वाले प्रमुख त्योहारों जैसे ,रक्षाबंधन, जन्माष्टमी ,दशहरा ,होली आदि को भी यहां उत्साह पूर्वक मनाया जाता है द्यइन त्योहारों को मनाने की प्रक्रिया में छत्तीसगढ़ का अपना मौलिक रूप होता हैद्य एकता भाईचारे की भावना ऊंच-नीच छोटे-बड़े जात-पात के भेदभाव से दूर आपसी प्रेम व्यवहार और पारिवारिक संबंधों में मधुरता स्पष्ट झलकता है। लोक संस्कृति लोक जीवन की धरोहर होती है द्यऐसा कोई महीना नहीं है जिसमें लोक पर्व ना हो, हमारा छत्तीसगढ़ तीज त्योहारों पर्वो उत्सवों का गढ़ है ।तीज त्यौहार हमारी संस्कृति का गुणगान करती हमारे जीवन में उमंग उल्लास भरती है। ऐसा ही एक पर्व है दीपावली । दीपावली पर्व भारत में प्राचीनतम काल से मनाया जा रहा है। छत्तीसगढ़ में भी पाँच दिनों तक यह पर्व धूम-धाम के साथ मनाया जाता है।

छत्तीसगढ़ कृषि प्रधान राज्य है। छत्तीसगढ़ की अधिकांश संस्कृति एवं परंपरा कृषि संस्कृति पर आधारित है। छत्तीसगढ़ की मुख्य फसल धान है। धान के कटोरा के नाम से जग प्रसिद्ध छत्तीसगढ़ में धान को अन्नपूर्णा के रूप में प्रतिष्ठित कर पग पग में पूजन वंदन किया जाता है। छत्तीसगढ़ में दीपावली त्यौहार विशेषकर गाँव में देखते ही बनता है ।दशहरे के बाद लगातार दीपावली की तैयारी प्रतिदिन की जाती हैं। गाँव में आज भी कच्चे व पक्के मकान हैं। घरों की छबाई मिट्टी से व छुही से पुताई की जाती है। सात ,आठ दिन पहले महिलाएं ,लड़कियाँ, घर-घर जाकर सुवा गीत गाती है। तरी हरी ना ना ,नाना सुवाना ,तरी हरी ना ना नाना...

देवा ले महादेवा बड़े
तिरया में नोनी पार्वती
बीर हनुमान
बिनती ल हमरो सुनो रे भाई।
ओ जंगल म दीदी
आग लगे
डारा पतेवाँ में
दु ठन पिलवा ओ दीदी
जंगल में आग लगे...

दूसरे घर जाने के पहले सुवागीत के माध्यम से बिदाई इस प्रकार माँगा जाता है ।

ताला भई ताला
पीतल के ताला
जल्दी बिदा कर दे
जाबोन दूसर पारा।

घरों से चावल ,पैसा दान के रुप में प्राप्त होने पर सुवा नाचने वाले महिलाएं आशीष देती है।

बेटवा न बेटवा तोर घर भर न रे सुवा न फेर अइसन ल देबो आशीष ।

***धनतेरस***- दीपावली का प्रारंभ धनतेरस के दिन से हो जाता है। धनतेरस के दिन वस्तुओं का खरीदना शुभ माना जाता है ।इस दिन बाजार भी बहुत भीड़-भाड़ रहता है ।लोग सोना चांदी खरीदते हैं। इस दिन अपने-अपने घरों में तेरह दीपक जलाया जाता है। छत्तीसगढ़ में आस्था के दीप धनतेरस से प्रारंभ हो जाते हैं। जीवन में सुख समृद्धि की मंगल इसी दिन से हो जाती है।



***नरक चौदस***- धनतेरस की तरह नरक चौदस का भी अपना अलग ही महत्व है। इस दिन लोग मिठाई कपड़ा फटाका के साथ-साथ गणेश भगवान ,लक्ष्मी माता के फोटो खरीदते हैं ।

इस दिन भी मिट्टी के दीप घर - आंगन कोठा ,बारी ,पठेरा में जलाया जाता है।

***सुरहोती*** धान के कटोरा ले जग प्रसिद्ध छत्तीसगढ़ में लक्ष्मी पूजन को सुरहोती भी कहा जाता है ।इस दिन को लक्ष्मी पूजा भी कहा जाता है ।इस दिन मुख्य पूजा माता लक्ष्मी की होती है ।इस दिन गली खोर घर आंगन से लेकर दैनिक जीवन में उपयोग आने वाली प्रत्येक वस्तुओं में दीप जलाए जाते हैं। इस दिन बच्चे नए कपड़े पहने उत्साहित नजर आते हैं। घर के सभी सदस्यों द्वारा नए कपड़े पहन कर लक्ष्मी माता की धूमधाम के साथ पूजा किया जाता है। यह त्यौहार दीप से दीप जलाने का त्यौहार है ।यह त्यौहार आपसी वैमनस्य को भूलकर आपस में प्यार बांटने का त्यौहार है। इस दिन पूजा पाठ के बाद कुटुम परिवार पड़ोस के घर में मिठाई बांट- बांट के एक दूसरे को बधाई देते हैं।

***गोवर्धन पूजा***- इस दिन गोवर्धन पूजा किया जाता है ।यह दिन यादवों के लिए खास होता है ।इसी दिन श्री कृष्ण के द्वारा ,गोवर्धन पर्वत धारण करके लोगों की रक्षा किया था। इसी कारण उनकी स्मृति में गोवर्धन की पूजा की जाती है।

***मातर***

मातर पर्व बड़ी धूमधाम के साथ मनाया जाता है ।इसी दिन भाई दूज का त्यौहार भी होता है ।मातर मतलब माताओं का पर्व ,देखा जाए तो यह त्यौहार गाय चराने वाले यादवों का प्रमुख पर्व है। लेकिन गाँव में सभी लोग मिलजुलकर हंसी खुशी के साथ मनाते हैं ग्राम डाभा के रंगी यादव ने बताया कि मातर के दिन सुबह रउत और रौताइन अपने- अपने घर द्वार को स्वच्छ रखते हैं। यादव समाज के लोग सूर्योदय के पहले अपने देवता का पूजा -पाठ व हूम देते हैं ।तत्पश्चात बाजे गाजे मोहरी दफड़ा के साथ घर से दोहा लगाते पूजा करे पुजेरी भइया ,अउ धोवा चंउर चढ़ाय।

पूजा परत हे मोर देवता के, लइया छोर मताय।।
कुकरी लेबे ते चिगरी देवता ,अउ लेबे लहू के धार
मे तो जात होरे मातर मे,तोला लगे घर के भार।।

इस प्रकार दोहा लगाते नाचते कूदते गोठान या सहाड़ा जाते हैं ।साथ में गाँव के लोग भी जाते हैं । वहां खोडहर गडाया जाता है ।इसके बाद यादव लोग नाचते कूदते दोहा लगाते गाँव के कंधई मडई को लाने जाते हैं कंधई मडई को सहडा में बांध दिया जाता है। ।गायों भैंसों का पूजा पाठ कर सोहाई बांधा जाता है। जब सोहाई बांधा जाता है ,वह समय यह दोहा बोलते हैं ।

नंदबाबा बाबा के नौ लाख गइया
अउ गली म दूध दुहाय।
दूध दही के पूरा बोहाय रे लेवना के पार बंधाये ।।

मातर के दिन कम्हडा ढुलाने का अपना अलग ही महत्त्व है।गायों व भैंसों के खुरो से कुम्हड़ा फोडते हैं। घासी यादव ने बताया कि जब खीर का प्रसाद बनाया जाता है तो उसमें कुछ कुम्हडा भी मिलाया जाता है।

इसके बिना प्रसाद नही बनता हैं। मातर के दिन यादव लोग घोती,जूता ,मोजा और मोजे के ऊपर घुघरु पहनता हैं,पगडी बांधता हैंऔर पगड़ी में कलगी खोचता हैं ।हाथ में रंग बिरंगी सजी हुई लाठी पकड़ता हैं।इस दिन नये कपड़ा धारण करता हैं।इस कारण बेहद आकर्षण का केन्द्र बना रहता है।लाठी यादवो के शौर्य का प्रतीक हैं। वाद्य यंत्र बजता हैं ।यादव लोग नाचते ढ्कूदते हैं।अरे र..र..र..शब्दो के आवाज से वाद्य यंत्र बंद हो जाता हैं । इसके बाद अरे र..र..र कहने वाले यादव दोहा लगाते है।

देवा ले महादेवा बड़े ,अउ बीरा में हनुमान ।
भक्तन बड़े अजुन रे ,रथ हाके भगवान ।।

फिर नाचते है।

जिस भी यादवो को दोहा लगाना होता है उसे पहले अरे र..ऱ..र कहना पड़ता हैं।फ़िर दोहा लगाता है। इस प्रकार दोहा का दौर चलता रहता हैं।

जय महमाई मोहबा के ,अखड़ा के गुरु बैताल ।
चौसठ जोगनी पुरखा के ,पूजा म लगे सहाय।।
गाय गरु के सेवा करके ,किसान से लेबो धान ।
पहली सुमरिहां कान्हा ल,दसर म मालिक किसान।।
मथुरा गोकुल वृदावन के ,धूर अबड़ पबरीत होय ।
उड उड परै शरीर म ,बाढ़य मया पिरीत हो। ।
लंका के रावण मरे,मथुरा के कंश ।
साधु संत के निंदा करे ,ओखर नई बाचे बंश।।
एप पार नदी ओपार नदी ,बीच म खोरी गाय।
ठाकुर बिचारा सुते ल भुलागे ,बेदरा दुहे गाय।।

आज कल मातर का कार्यक्रम वृहद रुप लेता जा रहा हैं।कई कई गाँवो में भव्य अखाडा भी होता है।

रात में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी होता है।

ग्रामीण लोग बड़े उमंग ,उत्साह के साथ कार्यक्रमों में अपनी भागीदारी देते है।यह कार्यक्रम दिनभर चलता रहता है।उत्सव के समापन के समय खीर प्रसाद का वितरण किया जाता है।



## दीप पर्व का गीत



**-प्रो(डॉ)शरद नारायण खरे**
मंडला मध्यप्रदेश

दीप दिप-दिप है दमकता,खुश हुआ व्यवहार है।
भाव की माला पिरोकर, द्वार पर त्योहार है।।
काल मंगलमय- सुहाना,
अल्पनाएँ हैं सजीं।
रोशनी देती दुआएँ ,
सरगमें लय में बजीं।।
बस्तियाँ उल्लास में सब ,प्रेममय मनुहार है।
भाव की माला पिरोकर, द्वार पर त्योहार है।।
राग महके आज तो बस,
द्वेष की तो है विदा।
दीप थाली में सजे हैं,
प्रेम की गूँजे सदा।।
सात्विकता की विजय है,धर्म तो उपहार है।
भाव की माला पिरोकर, द्वार पर त्योहार है।।
आँधियाँ हारी हैं नित ही,
निश्छली संसार से।
दूरियाँ सिमटी हैं हरदम,
प्रेम की बौछार से।।
बढ़ रही हैं रौनकें,अब डर रहा अँधियार है।
भाव की माला पिरोकर, द्वार पर त्योहार है।।
गीत दीपक गा रहा है,
सज गए सबके सदन।
वंदनाएँ खुश हुई हैं,
जोश में हर एक तन।।
थक गई है आज कटुता,झूठ की तो हार है।
भाव की माला पिरोकर, द्वार पर त्योहार है।।
मन हुए सबके सुपावन,
साँच की जयकार है।
हट रहा अवसाद अब तो,
मस्त हर फ़नकार है।।
हैं अनारों में चमक अब, नव हुआ संसार है।
भाव की माला पिरोकर, द्वार पर त्योहार है।।

## रे दीप उजाला क्या होगा!



**राजेश कुमार बिंजवाल**
रघुनाथगढ़,सीकर राजस्थान

रे दीप उजाला क्या होगा!
इस गुलाबी सर्दी में,दुबका था कब से प्रिये!
पाकर नई रूप ज्योति, इस बार मधुर प्रिये!
झूम रहा तन-मन, अपार विचार प्रवाह सुखद
ओ नवगीत! बेसुध हूँ पीकर प्यार की हाला
और पिला दे जीवन सुध की हाला का प्याला।
ला दे अपनी मधुरता,फैला दूँ इस दीवाली
प्रिये! मना रहे है वर्षो से, जो दीवाली काली
उन्हें भी मिले आज, पंख प्रेम के प्यारी!
कहो! सुनो! हे रूप-ज्योति मधुर प्रकाशिनी
... रे दीप उजाला क्या होगा!
बस रही इस बार उजड़ी थी जो बस्तियाँ
तैर रही इस पार जीवन-सागर जर्जर किश्तियाँ
मैं डूब रहा हूँ विश्व मोह में, पाकर एक उजाला
संसृति के हित में बंधेगा, मेरे कर्म का धागा।
ओ रूप-ज्योति! भाग्य विधाता, बदल कर्मभाषा
मैं प्रसन्न हूँ! पूर्ण तभी, जब मने अभागो दीवाली
हे आशा बदली! सावन की बिछड़ी कातिक बरस
लगे अगली फसल आये उजाले होठों पर बाले!
कहो! हे नव चेतना! फैलोगी जीवन विकासिनी।
...रे दीप उजाला क्या होगा!

**समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।**

# धनतेरस पर गुलजार रहा बाजार,हुए करोड़ों के कारोबार



-संवाददाता-
**अम्बिकापुर, 22 अक्टूबर 2022(घटती-घटना)।**
दिवाली से पहले धनतेरस पर शनिवार को शहर में जमकर खरीदारी से बाजार गुलजार हो गया। मनपसंद सामानों को खरीदने लोगों ने दिल खोलकर पैसे खर्च किए। दोपहर से ही बाजार में रौनक देखी गई और खरीदारी के लिए लोगों के पहुंचने से बाजार देर रात तक गुलजार रहा।

व्यापारियों के अनुमान के मुताबिक धनतेरस पर शहर में करोड़ों का कारोबार हुआ। केवल ज्वेलरी व ऑटोमोबाइल्स क्षेत्र में ही 50 करोड़ के बिजनेस का अनुमान है। कई लोगों ने वाहन खरीदने पहले से ही एडवांस बुकिंग कराई थी। इलेक्ट्रॉनिक्स, कम्प्यूटर, मोबाइल, बर्तन सहित अन्य सामानों का भी जमकर कारोबार हुआ। बढ़ती महंगाई के बावजूद लोग अपनी पसंद के सामानों पर पैसे खर्च करने में पीछे नहीं हटे। हर बार की तरह ज्वेलरी में सबसे ज्यादा खरीददारी हुई तो ऑटोमोबाइल्स ने भी बाजार को निहाल कर दिया।बाजार में सर्राफा, इलेक्ट्रानिक्स सहित बर्तन, फर्नीचर, मोबाइल दुकानों में जमकर खरीदारी हुई है। बर्तन दुकानों में भी लोगों की काफी भीड़ दखी गई। शहर के जगदम्बा आभूषण, श्रीराम ज्वेलर्स, कंचन ज्वेलर्स, श्रीराम फर्नीचर, एमएलएम कलेक्शन, शास्त्री ऑटो मोबाइल्स, केटीएम बाइक, आनंद ऑटो मोबाइल, महामाया होंडा, प्लानेट फैशन, अंबर इलेक्ट्रानिक में जमकर खरीदारी हुई। इन सभी दुकानों में सुबह से ही धनतेरस के शुभ मुहूर्त पर खरीदारी करने वालों की भीड़ लगी रही। मुकेश पटाखा संस्थान में पटाखों की खरीदारी जमकर हो रही है।

धनतेरस के शुभ अवसर पर बंपर खरीदी हुई है। शहर के आनंद ऑटो मोबाइल शोरूम से 1000 से अधिक बाइक की बिक्री हुई है। कई लोगों ने एडवांस बुकिंग करा रखी थी और अपने शुभ मुहूर्त पर आकर खरीदारी की है। वहीं महामाया होंडा में 1000 से अधिक वाहनों की बिक्री हुई है। इसके अलावा अन्य कंपनियों के भी दोपहिया व चारपहिया वाहन बिके।

### मेन बाजार में फोर व्हीलर की नो एंट्री

धनतेरस के बाजार को देखते हुए पुलिस ने देवीगंज रोड, ब्रह्म रोड, स्कूल रोड, सदर रोड में चार पहिया, ऑटो का प्रवेश पूरी तरह बंद कर दिया है। शहर का मेन बाजार भी इन चार सड़कों पर है। लोगों की सुविधा के लिए शहर में अलग-अलग पार्किंग की व्यवस्था की गई है।

# एसपी ने धनतेरस त्योहार पर शहर की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने किया आकस्मिक शहर भ्रमण

-संवाददाता-
**अम्बिकापुर, 22 अक्टूबर 2022(घटती-घटना)।**
सरगुजा पुलिस द्वारा धनतेरस पर्व एवं दीपावली पूर्व शहर के व्यापारिक दृष्टिकोण से विभिन्न प्रमुख मार्गो देवीगंज रोड, सदर रोड, जय स्तंभ चौक, अग्रसेन चौक के साथ-साथ शहर के भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पुलिस अधीक्षक सरगुजा श्रीमती भावना गुप्ता द्वारा शहर भ्रमण कर व्यापारियों को सुरक्षा संबंधी दिशा निर्देश दिए गए एवं व्यापारियों को दुकान में लगे सीसीटीवी को दुरुस्त रखने हेतु निर्देश दिए गए।

धनतेरस पर्व के दौरान शहर में भीड़ भाड़ की स्थिति को देखते हुए अनाधिकृत रूप से खड़े गलत पार्किंग पर वाहन चालकों पर चालानी कार्रवाई की गई, दुपहिया वाहनों के अवैध साइलेंसरो पर यातायात विभाग द्वारा लगातार



चालानी कार्रवाई कर चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था हेतु सरगुजा पुलिस द्वारा लगातार अभियान चलाया जा रहा है, जिससे आम नागरिकों को किसी प्रकार की समस्याओं का सामना ना करना पड़े एवं यातायात व्यवस्था के सुचारू संचालन हेतु पुलिस अधीक्षक सरगुजा भावना गुप्ता द्वारा यातायात उप पुलिस अधीक्षक को विभिन्न दिशा निर्देश दिए गए जिसमें प्रभावी रूप से शहर में वन वे की व्यवस्था करने निर्देश दिए गए हैं। पुलिस अधीक्षक सरगुजा भावना गुप्ता द्वारा शहर भ्रमण के दौरान स्थानीय विक्रेताओं से मिट्टी के दिए लिए गए, एवं मिट्टी के दीए बेचने वाली महिला से हाल-चाल पूछ कर दीपावली की शुभकामनाएं दी गई, एवं स्थानीय दुकानदारों द्वारा भी पुलिस अधीक्षक सरगुजा को धनतेरस एवं दीपावली की शुभकामनाएं दी गई।

पुलिस अधीक्षक सरगुजा भावना गुप्ता द्वारा जिला सरगुजा के आम नागरिकों को धनतेरस एवं दीपावली पर्व की शुभकामनाएं दी गई एवं सरगुजा पुलिस द्वारा जारी निर्देशकों का पालन करने की अपील की गई।

सरगुजा पुलिस आम नागरिकों की सेवा एवं सुरक्षा में सदैव तत्पर है।

# महिलाओं व बच्चों को इको फ्रेंडली दीवाली मनाए जाने का दिया गया संदेश

-संवाददाता-
**अम्बिकापुर, 22 अक्टूबर 2022(घटती-घटना)।**
होली क्रॉस वीमेंस कॉलेज के भूगोल क्लब व वीमेंस सेल की छात्राओं ने पर्यावरण संरक्षण की ओर एक कदम बढ़ाते हुए स्थानीय खजूर पारा स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में जाकर एक दिवसीय कार्यशाला के माध्यम से महिलाओं व बच्चों को इको फ़्रेंडली दीवाली मनाए जाने का संदेश दिया। सर्वप्रथम भूगोल विभाग की विभागाध्यक्ष व वीमेन सेल प्रभारी डॉ सीमा मिश्रा ने महिलाओं के समक्ष पर्यावरण संरक्षण की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए इको फ़्रेंडली दीवाली मनाए जाने के संदर्भ में उन्हें कार्यशाला के आयोजन की उपयोगिता से अवगत कराया। छात्रा सुभागी बेक ने प्रशिक्षण के संदर्भ में जानकारी प्रदान किया।



इस कार्यशाला में रूपा मिंज एमए प्रथम सेमेस्टर की छात्रा ने चावल के घोल व फूलों की सहायता से केमिकल फ्री रंगोली बनाकर प्रशिक्षण दिया। सेमेस्टर प्रथम वर्ष से ही मनीषा सिंह ने विवाह के निमंत्रण पत्र से झूमर बनाना सिखाया। इसके अलावा छात्राओं ने महिलाओं और बच्चों को कपड़े,मिठाई फल और मिट्टी के दीपक उपहार स्वरूप प्रदान किया।

इस कार्यशाला में स्नातकोत्तर तृतीय सेमेस्टर भूगोल की छात्राएं अंचला मिंज, ज्योति सिंह, मालती राजवाड़े, मानसी केशरवानी, नेहा एक्का, प्रिया सिंह एवं प्रथम सेमेस्टर से आँचल खलखो प्रीति सिंह, शेख अम्बिया, वर्षा कुमारी व पूनम भी उपस्थित रहे। कार्यशाला को सफल बनाने में अपना अमूल्य योगदान दिया। समस्त कार्यक्रम की प्रेरणास्त्रोत प्राचार्य डॉ सिस्टर शांत जोसेफ ने कार्यक्रम को संरक्षण प्रदान कर महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# निराश्रित सदस्यों का स्वास्थ्य चेकअप कर दवाईयों का किया गया वितरण

-संवाददाता-
**अम्बिकापुर, 22 अक्टूबर 2022(घटती-घटना)।**
होली क्रॉस विमेंस कॉलेज की प्राचार्य डॉक्टर सिस्टर शांता जोसेफ के निर्देशन में यूथ रेड क्रॉस इकाई द्वारा महिला बाल विकास द्वारा संचालित निराश्रित महिलाओं की संस्था नारी निकेतन में स्वास्थ्य एवं स्वच्छता विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का आरंभ प्रार्थना गीत द्वारा किया गया। रेड क्रॉस प्रभारी दिव्या सिंह ने स्वागत भाषण दिया। नारी निकेतन की प्रभारी सदस्य प्रियंका पांडे द्वारा निराश्रित सदस्यों का परिचय दिया गया एवं उनकी समस्याओं से अवगत कराया गया। बीए अंतिम वर्ष की छात्रा अंशी चतुर्वेदी द्वारा मासिक धर्म के दौरान अपनाए जाने वाले स्वच्छता से अवगत कराया गया और सेनेटरी नैपकिन के उपयोग के महत्व को बतलाया गया। बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा राशि द्वारा दैनिक दिनचर्या में अपनाए जाने वाली स्वच्छता के बारे में जानकारी दी गई और बीए प्रथम वर्ष की छात्राओं ने विभिन्न क्रियाकलापों के द्वारा स्वच्छता के विषय में जानकारी दी। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ शशि प्रभा जयसवाल द्वारा निराश्रित सदस्यों का स्वास्थ्य चेकअप कर दवाई का वितरण किया गया। साथ ही सैनिटरी नैपकिन का भी वितरण किया गया। कार्यक्रम का संचालन एवं




धन्यवाद ज्ञापन दिव्या सिंह के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय की छात्राएं शिक्षकवृंद एवं नारी निकेतन की सदस्य उपस्थित थे।

# 18 लीटर गोवा व्हिस्की शराब के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

-संवाददाता-
**अम्बिकापुर, 22 अक्टूबर 2022(घटती-घटना)।**
अवैध शराब कारोबारियों के खिलाफ आबकारी विभाग के संभागीय उड़नदस्ता की टीम द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। 18 लीटर गोवा व्हिस्की के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। वहीं अवैध महुआ शराब बिक्री के मामले में दो लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई है।

सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता ने बताया कि संभागीय उड़नदस्ता सरगुजा टीम को शुक्रवार को गश्त के दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम भिट्ठी कला निवासी सोनू राजवाड़े अपने घर से मध्य प्रदेश की गोवा शराब बेच रहा है। मुखबिर की सूचना पर सोनू राजवाड़े के घर उड़नदस्ता टीम द्वारा दबिश दी गई। इसके कब्जे से मध्य प्रदेश की लेबल लगी 98 पाव गोवा व्हिस्की (17.64 लीटर) जब्त कर छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)क 34(2 )36 एवं 59 (क) के तहत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे जेल दाखिल कर दिया गया। वहीं सरगुजा उड़नदस्ता टीम ने नामनाकला शनिमंदिर निवासी चंद्रिका तिर्की के कब्जे से 16 लीटर महुआ शराब एवं भिट्ठी कला निवासी विक्रम राजवाड़े के कब्जे से 6 लीटर महुआ शराब जब्त कर दोनों आरोपियों को जेल दाखिल किया था। दिवाली के पूर्व सरगुजा संभागीय उड़नदस्ता टीम अवैध शराब कारोबारियों पर लगातार कार्रवाई कर रही है। कार्रवाई में आबकारी उपनिरीक्षक टीआर केहरी, हमराह स्टाफ में आबकारी मुख्य आरक्षक कुमारु राम, रमेश दुबे एवं आरक्षक अशोक



सोनी, रामाधार कुशवाहा एवं महिला सैनिक राजकुमारी उपस्थित रहे।

# प्रदेश में अपराधी बेखौफ, कानून व्यवस्था चौपट :अखिलेश सोनी

-संवाददाता-
**अम्बिकापुर, 22 अक्टूबर 2022(घटती-घटना)।**
छत्तीसगढ़ के लिए यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है कि मुख्यमंत्री के निर्वाचन क्षेत्र में उनकी मौजूदगी के बावजूद कुछ किलोमीटर के फासले पर लुटेरे एक सर्राफा दुकान में घुसकर कारोबारी पर दनादन गोलियां दागते हैं और वारदात को अंजाम देने के बाद आराम से फरार हो जाते हैं। क्योंकि पुलिस तो मुख्यमंत्री की सेवा में तैनात रहती है, उक्त बातें शनिवार को पूर्व ओबीसी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश सोनी ने अपनी एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कही। उन्होंने कहा कि राजधर्म को इससे भी अधिक शर्मसार करने वाली बात यह है कि इतनी संवेदनशील घटना के बावजूद मुख्यमंत्री अपने कार्यक्रम में स्वागत कराते हैं और पीड़ित परिवार से मिलने की संवेदनशीलता दिखाने की बजाये हेलिकाप्टर से उड़ जाते हैं। यह कैसी निष्ठुर सरकार है कि गृहमंत्री थाने में रुककर समुचित निर्देश देने पीड़ित परिवार के बीच जाने की जगह सायरन बजाते सीधे निकल जाते हैं। अखिलेश सोनी आज प्रदेश की ध्वस्त कानून व्यवस्था पर संकल्प भवन बीजेपी कार्यालय में भाजपा सरगुजा द्वारा आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रहे थे। आगे उन्होंने भूपेश बघेल सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि राज्य में अपराधों की बाढ़ आ गई है, मुख्यमंत्री गृहमंत्री के साथ साथ दो अन्य मंत्रियों के जिले में सामुहिक नरसंहार हो रहा है, दिनदहाड़े कारोबारी को दुकान में घुसकर लूटा जा रहा है। जब मुख्यमंत्री सहित चार मंत्री अपने जिले को नहीं सम्भाल पा रहे हैं तो प्रदेश की कानून व्यवस्था की धनीधोरी कौन हो सकता है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में भाजपा जिलाध्यक्ष ललन प्रताप सिंह, जिला महामंत्री अभिमन्यु गुप्ता, जिला संवाद प्रमुख संतोष दास, सह संवाद प्रमुख रूपेश दुबे, मंडल अध्यक्ष मधुसूदन शुक्ला, उमेश अग्रवाल, रामप्रवेश पांडे, सर्वेश तिवारी, दुर्गा शंकर दास सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।



# हर पल अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर जीवन में आगे बढ़ें:सिंहदेव

-संवाददाता-
**अम्बिकापुर, 22 अक्टूबर 2022(घटती-घटना)।**
स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव के मुख्य आतिथ्य में आयोजित डीएवी स्पोर्ट्स समिट 2022-23 का समापन समारोह शनिवार को गांधी स्टेडियम में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर अतिथियों के द्वारा विजेता खिलाड़ियों को मेडल पहनकर सम्मानित किया गया। दो दिवसीय स्पोर्ट्स समिट में संभाग के मुख्यमंत्री डीएवी स्कूल एवं डीएवी स्कूल के करीब 672 बच्चे 24 खेल विधाओं में भाग लिए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्वास्थ्य मंत्री सिंहदेव ने कहा कि शहरी क्षेत्र के साथ ही ग्रामीण क्षेत्र के बच्चां को बेहतर पढ़ाई उपलब्ध कराने के लिए प्रत्येक विकासखण्ड के मॉडल स्कूल को डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल के नाम से संचालित किया जा रहा है। प्रदेश में करीब 72 डीएवी मुख्यमंत्री स्कूल संचालित हैं। इस स्कूल में विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा दी जा रही है। उन्होंने कहा कि भविष्य व भूतकाल केवल यादों में राह जाती है जो करना है वर्तमान में ही करे वर्तमान के हर पल में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करते हुए जीवन मेआगे बढ़ें। खेल शारीरिक स्वास्थ्य के साथ ही मानसिक स्वास्थ्य व टीम भावना को भी विकसित करता है। अपनी पसंद की विधा में मन लगाकर मेहनत करे और अपने संस्था, प्रदेश व देश का नाम रोशन करें। उन्होंने कहा कि जिस खिलाड़ी ने अच्छा खेला वह विजयी हुआ लेकिन जिन्हें असफलता मिला उनके लिए अपनी कमियों को दूर करने का अवसर मिलता है। संभागीय क्षेत्रीय अधिकारी श्री प्रशांत कुमार ने कहा कि जिला प्रशासन के सहयोग से दो दिवसीय स्पोर्ट्स समिट का आयोजन किया गया। उन्होंने डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूलों में संसाधन उपलब्ध कराने के साथ ही खेल मैदान की समतलीकरण की मांग की। उन्होंने बताया कि संभाग स्तरीय खेल प्रतियोगिता में 6 जिले के डीएवी स्कूल के खिलाड़ी भाग लिए।



# दीवाली के पूर्व कलावती पुनर्वास केंद्र के बच्चों के चेहरे पर दिखी मुस्कान

**» आजाद सेवा संघ के कार्यकर्ताओं द्वारा मनाया गया कलावती पुनर्वास केंद्र के बच्चों साथ दिवाली**
**» आजाद सेवा संघ के कार्यकर्ताओं द्वारा दृष्टिबाधित बच्चों को सौंपे गए मिस्ठान एवं दी गए शुभकामनाएं**

-संवाददाता-
**अम्बिकापुर, 22 अक्टूबर 2022(घटती-घटना)।**
समाज मे सक्रिय गैर राजनीतिक दल आजाद सेवा संघ के द्वारा एक बार फिर मानवता का उदाहरण पेश किया गया। दीपों एवं खुशियों के त्यौहार दिवाली के अवसर पर संघ के प्रदेश सचिव रचित मिश्रा की उपस्थिति में संघ द्वारा शहर के कलावती पुनर्वास केंद्र के दृष्टिबाधित बच्चों के साथ दिवाली मनाई गयी। केंद्र की संचालक रितु अग्रवाल की उपस्थिती में संघ के कार्यकर्ताओं द्वारा वहां के बच्चों को नास्ता, कपड़े, पटाखे




एवं चॉक्लेट बांट कर दिवाली की शुभकामनाएं दी गयी। जहां बच्चों के चेहरे पर मुस्कुराहट देखा गया,एवं उनके साथ कार्यकर्ताओं द्वारा पटाखे जलाए गए। बच्चे हाथों में पटाखे पाकर काफी परसन्न दिखे एवं दिवाली को लेकर उनमें साफ तौर पर उत्सुकता दिखी। साथ ही संघ के प्रदेश सचिव रचित मिश्रा ने अपना अनुभव साझा करते हुए कहा की ÷उन्हें ऐसे त्यौहारों में बच्चों के साथ समय बिताने में एवं उनके हर्ष उल्लास देखकर काफी खुशी मिलती है और ऐसे कई त्यौहारों में करते आए हैं। इस दौरान संघ के प्रतीक गुप्ता, अतुल गुप्ता अभिनव चतुर्वेदी, रवि गुप्ता, मौजूद रहे।



# आईएएस विनय कुमार लंगेह को दी गई विदाई व मिली दायित्व की बधाई

-संवाददाता-
**अम्बिकापुर, 22 अक्टूबर 2022(घटती-घटना)।**
कलेक्टर कुन्दन कुमार व पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता सहित अन्य जिला अधिकारियों के द्वारा पूर्व जिला पंचायत सीईओ व कलेक्टर कोरिया श्री विनय कुमार लंगेह को विदाई देने के साथ ही नए दायित्व की शुभकामनाएं व बधाई दी गई। ऑक्सीजन पार्क स्थित वन विभाग के विश्राम गृह में आयोजित विदाई व दीपावली मिलान कार्यक्रम में श्री लंगेह को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। इस अवसर पर अधिकारियों ने अपने-अपने अनुभव भी साझा किए।

ज्ञातव्य है कि करीब 21 माह सरगुज़ा जिले में जिला पंचायत सीईओ के पद पर पदस्थ रहे आईएएस श्री विनय कुमार लंगेह राज्य शासन के आदेशानुसार वर्तमान में कोरिया जिले के कलेक्टर का दायित्व संभाल रहे हैं।

इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त सुश्री प्रतिष्ठा मगाई, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री विवेक शुक्ला, एसडीएम श्री प्रदीप साहू सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# दिवाली से पहले इंडिगो ने अपने पैसेंजर्स को दिया बड़ा तोहफा! इन शहरों के लिए शुरू की गई 8 नई फ्लाइट्स




नई दिल्ली, 22 अक्टूबर 2022। घरेलू बाजार की सबसे बड़ी एयरलाइंस कंपनी इंडिगो ने अपने पैसेंजर्स के लिए दिवाली से ठीक पहले ऐलान किया है. कंपनी ने बताया है कि वह गुरुवार को 8 नई फ्लाइट्स के संचालन का ऐलान किया है. यह फ्लाइट्स 4 शहरों को आपस में जोड़ेगी. इन 8 फ्लाइट्स में से 4 फ्लाइट्स का संचालन 30 अक्टूबर से शुरू हो जाएगा. वहीं बाकी चार फ्लाइट्स का संचालन 1 नवंबर से किया जाएगा. इस मामले पर जानकारी देते इंडिगो ने इस सभी फ्लाइट्स के टाइम टेबल और डिटेल्स को शेयर किया है. आइए जानते हैं कि इंडिगो कि यह फ्लाइट्स किन शहरों को जोड़ेगी और इनक फ्लाइट्स का टाइम टेबल क्या होगा.

इन शहरों को जोड़ेगी इंडिगो की फ्लाइट्स

इंडिगो कि यह 8 नई फ्लाइट्स हफ्ते में 3 से 4 बार तक उड़ान भरेगी. यह फ्लाइट रांची से भुवनेश्वर, भोपाल से उदयपुर, अहमदाबाद से जम्मू और इंदौर से चंडीगढ़ के बीच में यह फ्लाइट्स ऑपरेट करेगी. यह सभी फ्लाइट्स हफ्ते में कम से कम तीन बार और ज्यादा से ज्यादा 4 बार ऑपरेट कर सकती हैं. ध्यान देने वाली बात ये है कि इस सभी फ्लाइट्स के लिए बुकिंग भी शुरू कर दी गई है.

### जानें सभी फ्लाइट्स के शिड्यूल

बता दें कि इंडिगो द्वारा जारी किए गए शिड्यूल के 30 अक्टूबर 2022 से फ्लाइट नंबर-6श्व 6521 रांची से भुवनेश्वर के बीच उड़ान भरेगी. यह फ्लाइट सुबह 10.10 मिनट पर उड़ान भरकर 11.30 भुवनेश्वर पहुंचेगी. यह फ्लाइट सोमवार, बुधवार और रविवार को उड़ान भरेगी. वहीं भुवनेश्वर से रांची के बीच भी फ्लाइट 30 अक्टूबर 2022 से उड़ान भरेगी. यह भी सोमवार, बुधवार और रविवार को दोपहर 12.00 बजे उड़कर 13 बजे रांची पहुंचेगी.

वहीं भोपाल से उदय जाने और आने वाले फ्लाइट 1 नवबंर 2022 से ऑपरेट करेगी. इसका फ्लाइट नंबर होगा 6श्व 7973/74. यह उड़ान मंगलवार, गुरुवार और शनिवार को ऑपरेट करेगी. वहीं अहमदाबाद से जम्मू के बीच आने-जाने वाली फ्लाइट 30 नवंबर 2022 से मंगलवार, गुरुवार, शनिवार को ऑपरेट करेगी. इसका फ्लाइट नंबर होगा फ्लाइट नंबर- 6श्व 6367/68 है. वहीं इंदौर से चंडीगढ़ आने जाने वाली फ्लाइट 1 नवंबर 2022 से ऑपरेट करेगी. इसका फ्लाइट नंबर है 6श्व 0959/6श्व 6738 है.

# पैनी स्टॉक ने लोगों को बनाया लखपति, 2 साल में 1 लाख के बने 14.50 लाख रुपये



नई दिल्ली, 22 अक्टूबर 2022। शेयर बाजार में एडविक कैपिटल कंपनी के शेयरों ने अपने निवेशकों को शानदार रिटर्न दिया है. मल्टीबैगर स्टॉक्स की इस लिस्ट में कुछ पेनी स्टॉक्स भी शामिल हैं.

एडविक कैपिटल शेयर अब तक 29 पैसे प्रति शेयर से बढ़कर 4.20 रुपये प्रति शेयर के स्तर पर पहुंच गया है. इस दौरान इसने अपने शेयरधारकों को 1350 फीसदी रिटर्न दिया है.

### क्या रही हिस्ट्री

पिछले 1 महीने में यह पैसा स्टॉक 3.54 रुपये प्रति शेयर से बढ़कर 4.20 रुपये प्रति शेयर स्तर पर पहुंच गया है. इसके स्थितिगत निवेशकों को लगभग 10 प्रतिशत का रिटर्न मिला है. पिछले 6 महीनों में, स्टॉक बिकवाली के दबाव में रहा है. इस अवधि में 6 रुपये से 4.20 रुपये के स्तर तक फिसलने के बाद लगभग 35 प्रतिशत की गिरावट देखी है.(

इस पेनी स्टॉक ने 2.91 से 5.20 रुपये के स्तर तक बढ़ने के बाद साल-दर-साल में 35 प्रतिशत का रिटर्न दिया है. पिछले 1 साल में, यह मल्टीबैगर स्टॉक 3.36 से 4.20 रुपये के स्तर तक बढ़ गया है, लगभग 15 प्रतिशत रिटर्न दिया है. पिछले 2 साल में, यह स्मॉल-कैप स्टॉक 0.29 रुपये से बढ़कर 4.20 रुपये हो गया है, जो इस अवधि में 14.50 गुना तक बढ़ गया है.

### कितना हुआ मुनाफा

अगर एक निवेशक ने एडविक कैपिटल के शेयर में 1 महीने पहले 1 लाख रुपये का निवेश किये होते, तो उसका 1 लाख रुपये आज 1.15 लाख रुपये हो जाते. वहीं नए साल 2022 की शुरुआत में इस मल्टीबैगर स्टॉक में 1 लाख रुपये का निवेश करता, तो उसका 1 लाख रुपये आज 1.35 लाख रुपये हो जाता.

पिछले 1 साल में, इस स्मॉल-कैप स्टॉक में निवेश किया गया 1 लाख रुपये आज 1.15 लाख रुपये हो गया होता. अगर किसी निवेशक ने 2 साल पहले इस स्मॉल-कैप स्टॉक में 1 लाख रुपये का निवेश किया होता, तो उसका 1 लाख रुपये आज 14.50 लाख रुपये हो जाता.

# दूसरी तिमाही में यस बैंक का मुनाफा 32 फीसदी घटकर 153 करोड़ रुपये पर




नई दिल्ली, 22 अक्टूबर 2022। यस बैंक का सितंबर तिमाही में एकल आधार पर शुद्ध मुनाफा 32 फीसदी कम होकर 152.82 करोड़ रुपये रहा है। एक साल पहले समान तिमाही में बैंक को 225.50 करोड़ रुपये का मुनाफा हुआ था वहीं 2022 की जून तिमाही में उसका शुद्ध लाभ 310.63 करोड़ रुपये था। बैंक ने शनिवार को शेयर बाजारों को बताया कि जुलाई-सितंबर 2022 में उसकी कुल आय बढ़कर 6,394.11 करोड़ रुपये रही है जो पिछले वर्ष समान तिमाही में 5,430.30 करोड़ रुपये थी।

परिसंपत्ति गुणवत्ता के मामले में भी बैंक का प्रदर्शन बेहतर हुआ है। उसकी सकल गैर निष्पादित आस्तियां (एनपीए या फंसा कर्ज) घटकर सकल अग्रिम का 12.89 फीसदी रह गईं जो 2021 की सितंबर तिमाही में 14.97 फीसदी थी। इसी प्रकार, शुद्ध एनपीए भी 5.55 फीसदी से घटकर 3.60 फीसदी रह गया। हालांकि फंसे कर्ज तथा अन्य आपात स्थितियों के लिए प्रावधान बढ़ाकर 582.81 करोड़ रुपये किया गया है जो पिछले वर्ष की इसी तिमाही में 377.37 करोड़ रुपये था। प्रावधान बढ़ने से बैंक के मुनाफे में कमी आई है।

# अडानी ग्रुप की इन 3 कंपनियों ने पिछली दिवाली से दिया छप्पर फाड़ रिटर्न

नई दिल्ली, 22 अक्टूबर 2022। अगर आप दिवाली के मौके पर स्टॉक मार्केट में निवेश करने का विचार बना रहे है. तो ये खबर जरूर पढ़नी चाहिए. पिछले साल 2021 कि दिवाली पर अडानी ग्रुप की 6 कंपनियां लिस्टेड थीं. इसमें से 3 कंपनियों ने पिछले 1 साल में निवेशकों को मल्टीबैगर रिटर्न दिया है.

### ये है वह 3 कंपनी

अडानी पावर ने पिछली दिवाली से लेकर अभी तक निवेशकों को 3 गुना रिटर्न दिया है. अडानी टोटल गैस और अडानी एंटरप्राइजेज ने अपने निवेशकों को दोगुना मुनाफा दिया है.

सबसे खराब प्रदर्शन करने वाली अडानी ग्रुप की कंपनी अडानी पोर्ट्स एंड एसईजेड ने भी पिछली दिवाली से करीब 13 फीसदी रिटर्न दिया है. पिछले साल दिवाली 4 नवंबर को थी. तब से सेंसेक्स और निफ्टी में करीब 1 फीसदी गिरावट देखी गई है.




### 2 अन्य कंपनियों का देखें परफॉरमेंस

अडानी ग्रुप की दो अन्य कंपनियों अडानी ग्रीन ने पिछली दिवाली से 76.72 फीसदी और अडानी ट्रांसमिशन ने 71.88 फीसदी रिटर्न दिया है. अडानी ग्रुप की एक और कंपनी अडानी विल्मर शेयर मार्केट में लिस्ट हुई. साथ ही गौतम अडानी की अगुवाई वाले अडानी ग्रुप ने दो लिस्टेड सीमेंट कंपनियों एससीसी और अंबूजा सीमेंट्स को खरीदा है.

### क्या है टारगेट प्राइस

जानकारों की माने तो अडानी पोर्ट्स को कवर करने वाले 22 एनालिस्ट्स में से किसी ने इसे बेचने की सलाह नहीं दी है. कोटक इंस्टीट्यूशनल इक्विटीज ने इसका टारगेट प्राइस 810 रुपये से बढ़ाकर 900 रुपये कर दिया है. कंपनी के शेयर का एवरेट टारगेट प्राइस 913 रुपये है जो इसके मौजूदा भाव से 13 फीसदी अधिक है. अडानी पावर, अडानी एंटरप्राइजेज, अडानी ग्रीन एनर्जी और अडानी टोटल गैस को शायद ही कोई एनालिस्ट कवर करता है. हाल ही में अडानी टोटल गैस को लॉन्ग टर्म गेन के लिए होल्ड रेटिंग में रखा है. अगले 24 महीने के लिए फर्म ने इसका टारगेट प्राइस 3,475 रुपये रखा है जो इसके मौजूदा मार्केट प्राइस से 6 फीसदी अधिक है।

# क्या आपको भी होती हैं वैक्सिंग के बाद दानों की समस्या,आजमाए ये घरेलू नुस्खें

अक्सर लड़कियां और महिलाएं अपनी त्वचा के अनचाहे बाल हटाने के लिए वैक्सिंग करवाती है। खासतौर से जब कोई स्पेशल आयोजन हो। आने वाले दिनों में दिवाली का त्यौहार हैं तो महिलाएं वैक्सिंग कराने के लिए पार्लर की ओर रूख कर रही हैं। यह बालों को हटाने का सबसे प्रचलित और बेहतरीन तरीका हैं। लेकिन कई महिलाओं को वैक्सिंग के बाद दानों की समस्या का सामना भी करना पड़ता हैं। कई बार तो ये रैशेज और दाने एक दो दिन में ही ठीक हो जाते हैं, लेकिन कई बार इन्हें सही होने में अच्छा खासा समय लग जाता है। वैक्सिंग के बाद निकले इन दानों से छुटकारा पाने के लिए कुछ घरेलू नुस्खे आजमाए जा सकते हैं जिनके बारे में आज हम आपको बताने जा रहे हैं। आइये जानते हैं इन नुस्खों के बारे में...

### मॉश्चराइजर से मसाज जरूरी

अगर आपके स्किन पर वैक्सिंग के बाद रेडनेस आ जाती है तो आप वैक्सिंग हो जाने के बाद सूदिंग मॉश्चराइजर से मसाज करा सकते हैं। इससे आपकी स्किन रिलैक्स होगी और धीरे धीरे रेडनेस चली जाएगी। ध्यान रहे कि ये स्मेल फ्री मॉश्चराइजर ही हो।

### एलोवेरा का इस्तेमाल

वैक्सिंग के बाद वैक्सिंग वाले स्थान पर एलो वेरा जेल से अच्छी तरह से मसाज कर लें। आप रात भर के लिए एलोवेरा जेल वैक्सिंग कराई गयी जगह पर लगा रहने दें। आप एलो वेरा की ताज़ी पत्तियों से घर पर भी जेल तैयार कर सकती हैं या फिर बाजार से एलो वेरा जेल ला सकती हैं। एलो वेरा जेल के इस्तेमाल से त्वचा की सूजन और खुजली से छुटकारा मिलने के साथ दानों से भी राहत मिलती है। यह त्वचा को मॉइस्चराइज और हाइड्रेट भी करता है। घर पर एलो वेरा जेल बनाने के लिए एलो वेरा की ताज़ी पत्ती लें और इसे बीच से काटकर चाकू से इसका जेल निकाल लें। इस जेल को एयरटाइट कंटेनर में रख लें।

### ऑलिव ऑयल का इस्तेमाल

स्किन पर दाने या रेशेज की समस्या हो रही है। तो आप टी ट्री ऑयल और ऑलिव ऑयल लगाएं। इससे आपको स्किन पर हो रहे रेशेज से राहत मिलेगी। इसके लिए आप एक चम्मच ऑलिव ऑयल में 2-3 बूंदें टी ट्री ऑयल मिलाकर अच्छे से मिक्स कर लें और उसे अपनी स्किन पर हल्के हाथ से मसाज करते हुए लगाएं। ऐसा रात के समय करें और इसे लगा रहने दें।



### सेब के सिरके का इस्तेमाल

सेब के सिरके को एक कप में लें और पानी भी सिरके की मात्रा के समान लेकर अच्छी तरह से मिला लें। फिर इसे रूई की मदद से वैक्सिंग वाले स्थान लगाएं। करीब 10 मिनट तक रूकने के बाद त्वचा को पानी से धो लें। इस प्रक्रिया को दिन में दो बार करें। इस मिश्रण के एस्ट्रिजेंट और एंटीसेप्टिक गुण वैक्सिंग के बाद दानों से राहत दिलाने में मदद करते हैं। इसके अलावा, यह त्वचा का पीएच स्तर संतुलित करता है और सूजन दूर करता है।

### नारियल तेल का इस्तेमाल

वैक्सिंग करने के बाद सबसे पहला काम आप अपने वैक्सिंग एरिया को क्लींजर से साफ करें। उस एरिया को सूखने के बाद उस पर नारियल का तेल लगाएं। इसे जितनी देर हो सके उतनी देर के लिए लगा छोड़ दें। ऐसा आप चाहें तो दिन में नहाने के बाद और रात को सोते समय भी कर सकते हैं। वैक्सिंग के बाद होने वाले दानों के लिए नारियल का तेल सबसे कारगर है। यह सूजन को दूर कर लाल हुई त्वचा को राहत पहुंचाता है।

### विच हेजल का इस्तेमाल

वैक्सिंग के बाद दाने ठीक करने के घरेलू उपाय में विच हेजल को भी शामिल किया जा सकता है। विच हेजल में गैलिक एसिड, गैलोकैटेचिन और एपिगैलोकैटेचिन पाए जाते हैं, जो एंटी-माइक्रोबियल गुण प्रदर्शित करते हैं। इससे बालों के रोम से संबंधी सूजन की समस्या होती है। ऐसे में कहा जा सकता है कि वैक्सिंग के बाद के दाने को कम करने में विच हेजल फायदेमंद हो सकता है। इस्तेमाल के लिए विच हेजल सॉल्यूशन से रूई को भिगोकर वैक्स की हुई जगह पर लगाएं। इसे सूखने दें। इसे लगाने के बाद धोने की आवश्यकता नहीं रहती। रोजाना दो बार इस प्रक्रिया को दोहराया जा सकता है।

# इस दिवाली घर में तैयार चीजों से सजाएं घर,लगेगा बेहद खूबसूरत

वैसे तो दिवाली पर घर को सजाने के लिए बाजार में कई तरह की चीजें मौजूद हैं, लेकिन जब सजावट के सामान घर में ही उपलब्ध चीजों से तैयार हो जाए तो बात ही क्या। आप चाहें तो लालटेन से लेकर तोरण तक अपने हाथों से बनाकर घर की सजावट में चार चांद लगा सकते हैं। आइए आज हम आपको पांच ऐसी चीजें बनाने का आसान तरीका बताते हैं जिनसे आपके घर को अलग ही लुक मिलेगा।



### शुभ-लाभ हैंगिंग

अगर आप दिवाली पर अपने घर के द्वार पर शुभ-लाभ लगाते हैं तो इस बार इसके लिए अपने हाथ से बनाएं शुभ-लाभ हैंगिंग बनाएं। इसके लिए पहले एक कार्डबोर्ड पर दो गोले बनाकर इन्हें कांट लें। अब इसे कलरफुल शीट से कवर करने के बाद एक पर गिलीटर से शुभ और दूसरे पर लाभ लिखें। इसके बाद उसके किनारों पर मोती चिपकाएं। अंत में इनके पीछे रिबन ऐसे चिपकाएं ताकि इन्हें दीवार पर टांगना आसान हो जाए।

### तोरण

प्रवेश द्वार को सजाने के लिए आप फूलों से तोरण या बांदरवाल बना सकते हैं। इसके लिए फूलों को और उनके रंग को चुनें और तोरण बनाना शुरू करें। इसके बाद फूलों को सुई धागे की मदद से एक माला में पिरोएं और उसकी लड़ी तैयार करें। तैयार लड़ी को बराबर अनुपात में जोड़ते हुए एक लंबी माला का आकर दें और अपने दरवाजे पर लटकाएं। यकीनन फूलों से बने तोरण से आपके घर का दरवाजा खिल उठेगा।

### पेपर लालटेन

इसके लिए आप ऑनलाइन ट्यूटोरियल की मदद ले सकते है और इसका बेस तैयार करने के बाद आप इसे फेयरी लाइट्स की मदद से सजा सकते हैं। अगर आपके पास फेयरी लाइट्स नहीं है तो आप बल्ब का इस्तेमाल भी कर सकते हैं। आप चाहें तो इसके लिए पेपर हैंगिंग या क्लॉथ हैंगिंग भी खरीद सकते हैं। इनके चारों ओर फेयरी लाइट्स लपेट कर सजाने से ये बेहद खूबसूरत लगेगा।

### जगमगाता लैंप

जगमगाता लैंप बनाने के लिए आपको ज्यादा कुछ करने की जरूरत नहीं है। इसके लिए पहले मार्केट से अपने पसंदीदा डिजाइन का लैंप खरीदें, फिर इस पर ध्यान से एक मजबूत रस्सी बांधें क्योंकि इससे लैंप के गिरने का डर नहीं रहता है। इसके बाद इसे अपने घर की बालकनी या फिर लिविंग रूम के बीचों-बीच टांग दें। यकीन मानिए इससे ये जगहें बहुत ही खूबसूरत और आकर्षक लगने लगेंगी।

### दिवाली वॉल आर्ट

इसे बनाने के लिए सबसे पहले कलर फुल शीट से जिग-जेग बनाएं फिर इसे गोलाकार या फिर अपनी पसंदीदा आकार में काटें। इसके बाद इसके बीच में फर या फिर गोटा पट्टी चिपकाएं। इसी तरह चार से पांच पेपर क्राफ्ट बना लें। इसके बाद इन्हें एक दूसके के किनारे में आड़े-तिरछे तरीके से चिपकाएं। अब इसे अपने घर की दीवार पर टेप की मदद से चिपकाएं।

# दिवाली पर चेहरे की थकान को दूर भगाना है तो लगाएं ये फेसपैक



दिवाली का त्योहार जश्न मनाने का होता है। लेकिन इसके साथ ही काफी सारी भागदौड़ करनी पड़ जाती है। घर की साफ-सफाई से लेकर खरीदारी के चक्कर में महिलाओं को खुद के लिए वक्त ही नहीं मिलता। फिर जब दिवाली के दिन परिवार और दोस्तों के साथ मिलकर गपशप और तस्वीरें खिंचवाती हैं तो उसमे चेहरे की रौनक गायब दिखती है। इस दिवाली चेहरे की रौनक बनी रहे इसलिए घर में इन फेसपैक को चेहरे पर लगाएं। साथ ही ये उपाय करने से चेहरे की थकान छूमंतर हो जाएगी। तो चलिए जानें कौन से हैं वो घरेलू फेसपैक।

ऐसे बनाए फेसपैक

एक चम्मच नारियल के दूध के साथ एक चौथाई चम्मच हल्दी मिलाएं। इस पैक को चेहरे पर कॉटन की मदद से लगाएं और दस से पंद्रह मिनट तक रहने दें। फिर हल्के से गुनगुने पानी से चेहरे को साफ कर लें। हल्दी त्वचा की समस्याओं को खत्म करने के लिए लगाई जाती है। अगर चेहरे पर टैनिंग और मुंहासे हैं तो ये फेसपैक चेहरे को प्राकृतिक रूप से निखार देगा।

आंखों की थकान को भगाएं

अगर आप थकी हुई हैं तो ये बात आंखों से पता चल जाती है। इसलिए आंखों की थकान को दूर करना जरूरी है। इसके लिए आप आंखों पर दस मिनट के लिए खीरे की स्लाइस रखकर लेट जाइए। या फिर चम्मच को फ्रिज में रखकर ठंडा कर लें और फिर इसे आंखों में पर रखे। इससे भी आंखों की थकान मिट जाएगी और चेहरा फ्रेश दिखने लगेगा।

लगाएं बादाम का पेस्ट

कच्चे दूध में बादाम को रातभर के लिए भिगो दें। सुबह इन सारे बादाम का पेस्ट बनाकर तैयार कर लें। इस पेस्ट को चेहरे पर लगाकर छोड़ दें। करीब आधे घंटे बाद चेहरा पानी से धो लें। विटामिन ई और मिनरल्स से भरपूर बादाम चेहरे पर असर करता है। इससे निखार मिलता है और त्वचा नर्म, मुलायम बनती है।

उड़द की दाल से आएगी रौनक

सबसे पहले उड़द की दाल को पीसकर पाउडर बना लें। अब इसमें चुटकी भर हल्दी और जरूरत भर का पानी मिक्स करें। तैयार हुए पेस्ट को चेहरे पर लगाकर कुछ देर सूखने दें और फिर स्क्रब करते हुए चेहरे को हल्के हाथों से मसाज करें।



# गुनहगारों ने हाथी के बच्चे को दफनाकर बो दिया धान

### वन अमले को भनक तक नहीं

-राजा मुखर्जी-

**कोरबा 22 अक्टूबर 2022 (घटती-घटना)।** जिले के कटघोरा वन मंडल के पसान वन परिक्षेत्र अंतर्गत ग्राम बनिया के एक खेत से हाथी के एक वर्षीय बच्चे की दफन हुई लाश मिलने के मामले में चौंकाने वाली जानकारी सामने आई है। हाथी के बच्चे को दफना देने के बाद इसका पता ना चल सके इसलिए गुनहगारों ने ऊपर धान का थरहा बो दिया था। इस पूरे घटनाक्रम में यह भी आश्चर्यजनक और चिंताजनक है कि पिछले 01 हफ्ते से हाथी के घायल होने और मौत होने की चर्चा काफी जोरों से थी लेकिन ना तो मैदानी अमला इसे पुष्ट कर पाया और ना ही वन विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों ने इसे गंभीरता से लिया। मैदानी कर्मियों ने अपने अधिकारियों को भी इस बात से संतुष्ट रखा कि ऐसी कोई घटना नहीं हुई है लेकिन जब रहस्य उजागर हुआ तो सबके होश उड़ गए। पसान क्षेत्र में मौजूद हाथियों पर लगातार निगरानी रखने का दावा करने वाले वन अमले को इस बात की भनक तक न लग सकी कि हाथी का एक बच्चा गायब है। हाथी अपने बच्चे को संरक्षण देते हुए साथ रखते हैं और अपने से अलग नहीं करते लेकिन एक बच्चे के गायब हो जाने की जानकारी नहीं हो पाना छोटी-मोटी गलती नहीं एक बहुत बड़ी



चूक और कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान लगाता है। इधर जिस जमीन में हाथी के शव को दफनाया गया था, वह जमीन उपजाऊ नहीं बल्कि परती भूमि थी और वहां कोई फसल नहीं लगाई जाती लेकिन जब कुछ ग्रामीणों ने इस परती भूमि पर धान की फसल देखी तो उन्हें अचरज हुआ। जिज्ञासावश उक्त भूमि की पड़ताल करने लगे तो कुछ अलग महसूस हुआ और मिट्टी को हटाने पर हाथी के अंग नजर आए। इसके तत्काल बाद वन अमले को सूचना दी गई। हालांकि वन अमले ने इस मामले में डीएफओ श्रीमती प्रेमलता यादव के नेतृत्व में त्वरित कार्यवाही करते हुए 01 दर्जन से अधिक लोगों को घटनाक्रम के लिए जिम्मेदार मानकर पूछताछ शुरू कर दी है लेकिन यदि वन अमला अपेक्षित तरीके से मुस्तैद रहता तो उस हाथी के बच्चे की जान बचाई जा सकती थी। दूसरी तरफ हाथियों की बढ़ती संख्या और उनके उत्पात के मद्देनजर इस बात की भी आशंका थी कि किसान/ ग्रामीण अपने फसल और जान-माल की रक्षा के लिए कोई घातक कदम भी उठा सकते हैं, इस संभावना पर वन अमले ने कोई काम नहीं किया जिसका परिणाम हाथी के बच्चे की मौत के रूप में सामने आया। हाथी के बच्चे को क्यों, कैसे और कितने लोगों ने मिलकर मारा यह अभी स्पष्ट नहीं किया जा रहा है। मौत की वजह जानने के लिए पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार है जो संभवतः सोमवार को मिल पढ़ुएगी।

# शहर के बीचों बीच लग रही पटाखा दुकानें

**» प्रशासन नहीं ले रहा घटनाओं से सीख।**

**» कभी भी घट सकती है बड़ी घटना,आबादी क्षेत्रों में सजी है पटाखा दुकानें।**

**» प्रशासन द्वारा तय स्थानों पर नहीं लग रहीं पटाखा दुकानें,बीच बाजार बेचा जा रहा पटाखा।**

-रवि सिंह-

**बैकुण्ठपुर 22 अक्टूबर 2022 (घटती-घटना)।** दीपावली का त्योहार नजदीक है और पटाखे का व्यवसाय करने वाले भी पटाखे की दुकान लगाकर पटाखा बेच रहे हैं वहीं बाजार में सभी दुकानों में भीड़ है और बाजार में लोगों की खरीददारी जारी है। सबसे ज्यादा खरीदी जहां आभूषणों सहित वाहनों व बर्तनों की हो रही है वहीं पटाखों की भी खरीददारी लोग जमकर कर रहें हैं। बैकुंठपुर जिला मुख्यालय की बात करें तो यहां कई पटाखा व्यवसायी ऐसे हैं जिन्होंने अपनी दुकान शहर से बाहर प्रशासन द्वारा तय स्थानों पर लगा रखी है जो आबादी व बाजार से दूर है वहीं कई दुकान शहर के मध्य में आबादी क्षेत्रों में लगे हुए हैं जिनपर प्रशासन की नजर अभी तक नहीं पड़ी है या शायद पड़ी भी है तो उसे नजरअंदाज कर दिया गया है।

शहर के बीच आबादी क्षेत्रों में पटाखा दुकानों के संचालन और




भंडारण से किसी भी समय बड़ी दुर्घटना की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता। प्रशासन पुरानी कई घटनाओं से जो कई जगह पटाखों के कारण घटित हो चुकी हैं से सीख लेने की बजाए हांथ पर हांथ धरे बैठा है और किसी दुर्घटना का ही इन्तेजार कर रहा है ऐसा लग रहा है। शहर के मध्य आबादी क्षेत्रो की बजाए प्रशासन ने खुले जगह में पटाखा बेचने की अनुमति दी हुई है जहां कई दुकानदार पटाखा बेच भी रहें हैं लेकिन कई शहर में ही बेच रहे हैं। त्योहारों के बीच इस तरह का मनमाना रवैया जो पटाखा व्यवसायी अपनाए हुए हैं वह सभी के लिए घातक है और पूरे शहर की सुरक्षा को वह खतरे में डाल रहें हैं। प्रशासन को मामले में सज्ञान लेकर सभी पटाखा व्यवसायियों को निर्धारित स्थान पर ही पटाखा बेचने की अनुमति दी जानी चाहिए शहर के बीच नहीं।

# विधायक कमरो ने कुंवारपुर व कोटाडोल उप-तहसील कार्यालय का किया औपचारिक उद्घाटन

## राजस्व मामलों के निराकरण में ग्रामीणों को होगी सहूलियत



-संवाददाता-

**मनेन्द्रगढ़-चिरिमिरी-भरतपुर 22 अक्टूबर 2022 (घटती-घटना)।** सरगुजा विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष एवं भरतपुर सोनहत विधायक श्री गुलाब कमरो द्वारा कुंवारपुर और कोटाडोल उपतहसील कार्यालय का औपचारिक उदघाटन किया गया। इस दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधि तथा अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम में सविप्रा उपाध्यक्ष एवं विधायक श्री कमरो ने उद्बोधन में क्षेत्र की जनता को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि अब राजस्व सम्बन्धी मामलों के निराकरण में ग्रामीणों को सहूलियत होगी, उन्हें दूर नहीं जाना पड़ेगा। बता दें कि कुंवारपुर उपतहसील के अंतर्गत कुल 27 ग्राम पंचायतें शामिल हैं। जिसमें 57 ग्राम एवं 11 पटवारी हल्का होंगे। इसी तरह कोटाडोल उपतहसील में कुल 27 ग्राम पंचायतें हैं जिसमें 12 पटवारी हल्का और 75 ग्राम हैं।

### कुंवारपुर में सविप्रा उपाध्यक्ष श्री कमरो ने ऋण पुस्तिका,जाति प्रमाण पत्र का किया वितरण

उपतहसील कुंवारपुर कार्यालय शुभारंभ अवसर पर सविप्रा उपाध्यक्ष श्री कमरो ने जाति प्रमाण पत्र 202, ऋण पुस्तिका 11, जिन्हें वन अधिकार पट्टा मिला है, उनका नाम खसरा में नामांतरण करने के बाद एवं जिनका भूमिस्वामी पट्टे की भूमि का नामांतरण, बंटवारा होने के कारण अभिलेख दुरुस्ती होने के पश्चात तैयार नक्शा, खसरा, बी-1 का निशुल्क वितरण 271, तथा 30 किसानों को मिनी किट का वितरण किया।

# युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष ने शहीद जवानों के परिवार से की मुलाकात



-उपेश सिन्हा-

**कुसमी 22 अक्टूबर 2022 (घटती-घटना)।** युवा कांग्रेस बलरामपुर जिलाध्यक्ष बृजेश यादव एवं राजीव युवा मितान क्लब के विधानसभा समन्यवक अभिषेक सिंह का कुसमी पहुँचे, जहाँ स्थानीय कुसमी फारेस्ट रेस्ट हाउस के परिसर में क्लब के मितानो द्वारा स्वागत किया गया, अभिषेक सिंह ने युवायों को संबोधित करते हुवे कहा कि छतीसगढ़ के यशस्वी मुख्यमंत्री माननीय भुपेश बघेल जी के निर्देशानुसार हमे क्लब को मजबूती प्रदान करना है और सांस्कृतिक एवं खेल कूद के माध्यम से युवाओँ को संगठित करना है तथा गांव के सामाजिक आर्थिक एवं राजनीतिक रूप से युवाओं को सुदृढ़ बनाना है ततपश्चात सभी युवाओँ ने क्षेत्र के अमर शहीदों के घर जाकर नीलकण्ठपुर निवासी शहीद महेश्वर पैकरा एवं करकली निवासी शहिद रामसाय राम के घर जाकर उन्हें श्रद्धा अर्पित किया गया एवं परिजनों को साल और श्रीफल मिस्ठान भेंट कर सम्मानित किया गया जिसमें वरिष्ठ कांग्रेसी संतोस इंजीनियर,विधानसभा अध्यक्ष दीपक बुनकर, प्रदेश सचिव एनएसयूआई नितीश तिर्की, छतीसगढ़ विधानसभा महासचिव वेदांत भारती, दिनेश भगत,नवनीत टोप्पो,प्रेमचंद अगरिया,रामेश्वर, प्रतीक सोनवानी, अनुराग सिंह,माधुरी नागवंसी,अमीन साय,उमी सिंह,पूनम बुनकर,गजेंद्र,समरविजय,शिवराज पैकरा,नवीन कुजूर,एवं अन्य युवा साथी उपस्थित थे,



## राजस्व मंत्री के आतिथ्य में यूथ कांग्रेस के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का किया गया सम्मान

-संवाददाता-

**कोरबा 22 अक्टूबर 2022 (घटती-घटना)।** यूथ कांग्रेस में विभिन्न पदाधिकारियों का चुनाव संपन्न होने उपरांत इन सभी का सम्मान कार्यक्रम युवा कांग्रेस कार्यालय व इंटक कार्यालय शॉपिंग सेंटर मुड़ापार में किया गया। राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य में कार्यक्रम की अध्यक्षता महापौर राजकिशोर प्रसाद ने की। जिला कांग्रेस महामंत्री विकास सिंह द्वारा आयोजित सम्मान कार्यक्रम में युवाओं ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। लक्ष्मीकांत कंवर महामंत्री प्रदेश, शिवम गुप्ता जिला उपाध्यक्ष कोरबा, राकेश पंकज अध्यक्ष विधानसभा कोरबा, रहमान खान अध्यक्ष विधानसभा कटघोरा, वसीम अहमद उपाध्यक्ष विधानसभा कटघोरा, अंकित पाल अध्यक्ष पाली-तानाखार विधानसभा, शिवम राय रामपुर विधानसभा आदि अन्य निर्वाचितों का सम्मान किया गया। इन्हें कहा गया कि कांग्रेस संगठन को मजबूत कर संगठन में नव युवाओं को जोड़ना है ताकि युवा शक्ति को प्रदेश व देश के विकास में लगाया जा सके। कार्यक्रम में कोरबा विधानसभा अध्यक्ष आईटी सेल सोशल मीडिया अमित सिंह ने युवा कांग्रेस से जुड़े पदाधिकारियों से उपस्थिति दर्ज कराने अपील की है। सभापति श्याम सुंदर सोनी, जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष सुरेन्द्र जायसवाल,शहर अध्यक्ष सपना चौहान, ब्लाक अध्यक्ष संतोष राठौर,तनवीर अहमद पार्षद पालू राम साहू वार्ड अध्यक्ष रमेश वर्मा रवि चंदेल ,इंटक के अध्यक्ष जिला कांग्रेसी कमेटी के महामंत्री जिला कमेटी के महामंत्री अशोक लोध संयुक्त महामंत्री जिला की कांग्रेस कमेटी कोरबा के विजय यादव ,जिला कांग्रेस कमेटी संयुक्त महामंत्री सुनील शर्मा , दिलीप यादव ,पवन विश्वकर्मा ,विजय भूषण प्रसाद, राजेश यादव, महेंद्र साहू,रफीक शाह, राकेश चौहान, रामदयाल सोनी आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## पुलिस ने गांव के लोगो को बांटा दिवाली गिफ्ट

# लोगों को दी दीपावली की बधाई



-उपेश सिन्हा-

**कुसमी 22 अक्टूबर 2022 (घटती-घटना)।** बलरामपुर जिले के पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रशांत कतलम के द्वारा सामुदायिक पुलिसिंग को बढ़ावा देते हुए आम लोगों से लगातार मेलजोल बढ़ाने के निर्देश दिए गए थे इसके पालन में दिनांक 22/10 /2022 को एसडीओपी कुसमी रितेश चौधरी द्वारा कुसमी अनुभाग के गांव देवरी, प्रेम नगर, हंसपुर, नीलकंठपुर ,कंजिया ,करकली ,भुलसीकला, कुसमी, कटीमा, लवकसपुर, कंचनटोली, कृष्ण नगर, आदि गांव में सघन दौरा कर सब की दिवाली ही अपनी दिवाली है के थीम पर आम नागरिकों के बीच पुलिस के संबंधों को और मधुर एवं घनिष्ट बनाने के लिए इस दिपावली के त्यौहार के उपलक्ष्य पर उक्त गांव का दौरा करते हुए शहीद पुलिस परिवार, गांव के छोटे-छोटे बच्चे, महिलाओं एवं बुजुर्गो से मिलकर महिलाओं को साड़ी, बुजुर्गों को गमछा, बच्चों एवं युवाओं को मिठाइयां एवं छाता भेंट कर दिवाली की शुभकामनाएं दी गई,साथ हि लोगो से सुख-दुख पूछ कर अच्छे पुलिसिंग के लिए सहयोग भी मांगा गया, और लोगों से यह अपील की गई कि शांति एवं सद्भाव पूर्वक दिवाली मनाएं, शासन प्रशासन के द्वारा दिए गए निर्देशों का पालन करें, दिवाली के अवसर पर जुआ एवं शराब जैसी कुरीतियों से दूर रहकर,आस-पड़ोस परिवार वालों के साथ मिलकर स्नेह पूर्वक दिवाली मनाएं, दिवाली के उपलक्ष्य पर एसडीओपी कुसमी रितेश चौधरी के द्वारा की गई इस पहल से आम जनता में पुलिस प्रशासन के प्रति विश्वास और बढ़ेगा जो परस्पर सामंजस्य ,सहयोग और समन्वय का वातावरण निर्मित करने में कारगर सिद्ध होगा।

# जनपद अध्यक्ष ने आदर्श ग्राम डकईपारा में क्लीन पोस्टर किया लांच

-संवाददाता-

**बैकुण्ठपुर 22 अक्टूबर 2022 (घटती-घटना)।** नेहरू युवा केंद्र बैकुंठपुर कोरिया छत्तीसगढ़ युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के संयुक्त तत्वाधान में क्लीन इंडिया 2.0 1 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक एक अभियान के रूप में कोरिया जिले के पांचों विकासखंड में चल रहा है। जिसके अंतर्गत विकासखंड बैकुंठपुर के ग्राम पंचायत डकईपारा में जिला युवा अधिकारी आदर्श ग्राम में जिला युवा अधिकारी पवन कुमार के नेतृत्व में अभियान के रूप में मेगा क्लीन इंडिया 2.0 के अंतर्गत युवा मंडल के साथ मिलकर स्वच्छता अभियान कर रहे हैं,जिसमें प्लास्टिक को एकत्रित कर उसका डिस्पोज किया जा रहा है और लोगों को जागरूक किया जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जनपद पंचायत बैकुंठपुर के जनपद अध्यक्ष श्रीमती सौभाग्यवती सिंह खुसरो, जनपद उपाध्यक्ष श्रीमती आशा महेश साहू, यातायात लायंस डॉ. महेश मिश्रा, उपसरपंच डकई पारा उपस्थित रहे। जनपद अध्यक्ष बैकुंठपुर ने लोगो को स्वच्छता के लिए प्रेरित करते हुए कहा स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत क्लीन इंडिया 2.0 जो कि 1 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक एक अभियान के रूप में चलेगा, जिसमें प्लास्टिक एकत्रित कर उसका डिस्पोज किया जाएगा, सभी लोगों से आग्रह करती हूं कि अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर अपने गांव मोहल्ला शहर सार्वजनिक स्थलों से प्लास्टिक को एकत्रित कर अपने आसपास स्वच्छ बनाएं। जनपद उपाध्यक्ष ने शासन की योजनाओं के बारे में जानकारी दी, जिला युवा अधिकारी पवन कुमार के द्वारा नेहरू युवा केंद्र के कार्यक्रम और नेहरू युवा केंद्र के बारे में विस्तृत जानकारी दी, यातायात लायंस डॉ. महेश मिश्रा ने स्वच्छता के बारे में जानकारी युवा मंडल के सदस्यों को दी। कार्यक्रम का संचालन नेहरू युवा केंद्र बैकुंठपुर के कार्यालय एम टी एस राजीव साहू के द्वारा किया गया क्लीन इंडिया 2.0 कार्यक्रम को सफल बनाने में नेहरू युवा केंद्र के राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक प्रज्ञा शिवहरे, प्रियंका रजवाड़े, हरिओम साहू, चंद्र केश्वर, सनी और 50 युवा मंडल सदस्य अजय ठाकुर,मुकेश कुमार, सनी पैकरा, कमलेश, प्रीतम, शिवम, रामकृपाल, अनिल कुमार, प्रदीप कुमार, अवधेश कुमार उपस्थित रहे।




# तीन दिवसीय ब्लाक स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलंपिक का हुआ समापन



-संवाददाता-

**बैकुण्ठपुर 22 अक्टूबर 2022 (घटती-घटना)।** राजीव युवा मितान क्लब के तत्वाधान में ग्राम पंचायत अंगा में 3 दिनों तक चली ब्लाक स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलंपिक का समापन गुरूवार को हुआ, खेल मैदान में तीन दिनों तक 8 पंचायतों से खेल देखने व खेलने वाले हर उम्र के लोगों का जमावड़ा लगा रहा।

राजीव युवा मितान क्लब के द्वारा छत्तीसगढ़िया ओलंपिक खेलबो, जीतबो, गढ़बो नवा छत्तीसगढ़ की शुरूआत कुछ दिन पहले हुई थी, पहले राउन्ड़ में ग्राम पंचायत स्तर पर आयोजन हुआ दूसरे राउन्ड़ में जोन स्तरीय खेलों का आयोजन 20 अक्टूबर को समाप्त हुआ। अंगा में लगातार 3 दिनों तक चली प्रतियोगिता में गुरूवार को 8 पंचायतों के लोग एक जगह इकटठा होकर ब्लाक स्तरीय खेल खेले जिसमें पूटा, मुरमा, चम्पाझर, अंगा, करहिया खांड़, कटकोना, उरूमदुगा 8 पंचायतों का जोन अंगा पंचायत में बनाया गया जिसमें कब्बड़ी, कित कित, पिट्ठूल, रस्साकषी, बाटी, भंवरा, गिल्ली डंडा, गेड़ी आदि खेल खेला गया। इस कार्यक्रम के अतिथि विजय सिंह ने कहा कि हमारे आने वाली पिढ़ियों को भी छत्तीसगढ़ के पारंपरिक खेलों को जानने, समझने व खेलने का अवसर प्राप्त होगा। जनपद पंचायत उपाध्यक्ष आषा महेष साहू ने कहा कि छत्तीसगढ़ के पारंपरिक खेलों को बढ़ावा देने एवं खेल के प्रति जागरूकता लाने छत्तीसगढ़ ओलंपिक का आयोजन प्रदेष सरकार द्वारा किया गया है जो सराहनिय है। जनपद पंचायत अध्यक्ष सौभाग्यवती सिंह ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार के इस छत्तीसगढ़िया ओलंपिक में खेले जा रहे खेलों से पारंपरिक खेलों को बढ़ावा मिलेगा जिसमें हमारे आने वाली पिढ़ियों को भी खेलों को जानने व समझने का अवसर प्राप्त होगा। राजीव युवा मितान क्लब जिलाध्यक्ष आषीश डबरे ने कहा कि इसमें हर आयु वर्ग के लोग भाग ले रहे हैं प्रथम 18 वर्श तक के, द्वितीय 18 से 40 एवं तृतीय 40 से अधिक उम्र के लोग भाग ले रहे हैं गांवों के लोग बढ़ चढ़ कर हिस्सा ले रहे हैं। छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ प्रदेष सचिव, सरपंच सुपारी लाल, सरपंच संघ के अध्यक्ष उदय सिंह, सेवानिवृत्त षिक्षक जेपी सिंह, उप सरपंच कटकोना डां. केके षर्मा ने भी उपस्थित लोगों को संबोधित किया। मंच का सफल संचालन मुकेश गुप्ता ने किया। जोन प्रभारी आदिम जाति सेवा सहकारी समिति के अध्यक्ष विजय सिंह ने उपस्थित खिलाड़ियों व आए हुए अतिथियों का आभार प्रकट किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सचिव कबीर दास, षिक्षक अनिल साहू, रमेश देवांगन, सुषीला सिंह, रवि सांवरा, विरेन्द्र सोनी, फत्ते सिंह की भी सराहनिय भूमिका रही।

### पटना जोन में अव्यवस्था शिक्षकों ने सम्हाली कमान

पटना जोन के अंतर्गत ब्लाक स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलंपिक का आयोजन बालक हायर सेकेन्ड़री ग्राउन्ड पटना में आयोजित किया गया जहां पटना, कटोरा, करजी, रनई, रामपुर (प), तेन्दुआ, षिवपुर, डूमरिया पंचायत के विभिन्न वर्ग के बच्चों व ग्रामिण, ग्रामिण महिलाओं को कब्बड़ी, 100 मीटर दौड़, कंगड़ी दौड़, लम्बी कूद, खो खो, गिल्ली डंडा, विल्लस, रस्सा कस्सी, फुगड़ी, पिट्ठूल, संखली, भौंरा एवं बाटी आदि खेलाने का जिम्मा पंचायत सचिव रामसकल कुषवाहा, सपना यादव, संदीप जायसवाल, जय प्रताप, राजगार सहायक जुगेष सोनी, अरविन्द कुर्रे, सुनैना यादव के साथ साथ नोड़ल अधिकारी शाउमावि बालक पटना के प्राचार्य देवकरण सिंह, सहायक नोड़ल अधिकारी अषोक कुमार गुप्ता, पीटीआई संजू ठाकुर, चंद्र प्रताप कुशवाहा, राम सजीवन साहू, लक्ष्मी कुर्रे, राजू यादव, नूर अहमद फिरदोसी, दिनेष राजवाडे, सुनिल जायसवाल, शांति भूषण गिरी सहित अन्य शिक्षकों को मुख्य कार्यपालन अधिकारी बैकुन्ठपुर द्वारा सौंपा गया था लेकिन तीन दिनों तक चली प्रतियोगिता के आयोजन में पंचायत सचिव और रोजगार सहायकों के साथ साथ राजीव युवा मितान क्लब के पदाधिकारीयों का कहीं अता पता नहीं रहा जिस वजह से प्रतियोगिता को संपन्न कराने की कमान विभन्न स्कुलों से पहुंचे षिक्षकों को सम्हालना पड़ा जिस वजह से खेल के साथ साथ समापन कार्यक्रम में काफी अव्यवस्था भी देखने को मिली।

# दिन दहाड़े बंधक बना महिला स्वास्थ्य अधिकारी के साथ दुष्कर्म

» एमसीबी नवीन जिले से फिर बालात्कार की घटना आई सामने, इस बार कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर महिला को हवस का बनाया गया शिकार।
» मामला एमसीबी जिले के झगराखांड थाने का,चार युवकों पर पुलिस ने मामला किया दर्ज।
» महिला अधिकारी के साथ बलात्कार की घटना की वीडियो भी बनाई युवकों ने,मुख्य आरोपी युवक नाबालिक।
» नवीन एमसीबी जिला गठन के बाद दूसरी बलात्कार की घटना,पुलिस ने चार आरोपियों को किया गिरफ्तार।
» चार युवकों में से केवल नाबालिक ने महिला अधिकारी को अपनी हवस का बनाया शिकार, बाकी तीन आरोपी सहयोगी बतौर रहे घटना में शामिल।

-रवि सिंह-
**बैकुण्ठपुर 22 अक्टूबर 2022 (घटती-घटना)।**
छत्तीसगढ़ के मनेंद्रगढ़ से इंसानियत को शर्मसार करने वाली तस्वीर सामने आई है. अस्पताल में महिला स्वास्थ्य अधिकारी से दिनदहाड़े रेप की वारदात को अंजाम दिया गया है. तीन हैवानों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।
मिली जानकारी के मुताबिक मनेन्द्रगढ़ आदिवासी महिला स्वास्थ्य अधिकारी कम्युनिटी हेल्थ आफिसर से बलात्कार की घटना को अंजाम दिया गया है, छिपछिपी उप-स्वास्थ्य केंद्र में आरोपियों ने महिला स्वास्थ्यकर्मी को बांध कर दुष्कर्म किया है, आरोपियों ने कुकर्म का वीडियो भी बना लिया है पुलिस के मुताबिक अभी तक तीन आरोपियों हिरासत में मौके लिया गया है मौका-ए-वारदात पर पुलिस बल तैनात है, एसपी के निर्देश पर टीम जांच कर रही है. झगड़ाखांड़ थाना क्षेत्र का मामला है।

### यह है पूरा मामला

एमसीबी नवीन जिले से फिर एकबार जिला गठन के बाद बलात्कार की घटना सामने आ रही है इसबार कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर महिला को युवकों ने अपनी हवश का शिकार बनाया है और इस दौरान महिला की वीडियो भी बनाई गई है और घटना के दौरान महिला को बांधकर घटना को अंजाम दिया जाता है जैसी सूचना मिल रही है। बताया जा रहा है कि एमसीबी नवीन जिले के झगराखांड पुलिस थाने के ग्राम छिपछिपी में स्वास्थ्य विभाग का उप स्वास्थ्य केंद्र संचालित है और स्वास्थ्य केंद्र में कुल तीन लोग पदस्थ हैं, स्वास्थ्य केंद्र सुबह 10 बजे से संचालित होता है, महिला जिसके साथ यह घटना हुई है वह प्रतिदिन सुबह 10 बजे कार्य पर उपस्थित होती थी और घटना दिवस भी महिला समय पर कार्य पर उपस्थित हुई थी और अपने कार्य सम्पन्न कर रही थी, उप स्वास्थ्य केंद्र के दो अन्य सहकर्मी घटना दिवस 21 अक्टूबर को टीकाकरण में बाहर गए हुए थे और इसी मौके का फायदा वहशी युवकों ने उठाया और दोपहर में उप स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर पहले महिला अधिकारी को बांधा और बाद में नाबालिक युवक ने महिला अधिकारी को अपनी हवस का शिकार बनाया और एक युवक वीडियो बनाता रहा, महिला के साथ बलात्कार की घटना को अंजाम देने के बाद युवकों ने महिला को बंधन से मुक्त किया और उसे धमकी दी कि घटना की जानकारी वह किसी को न दे और युवक वहां से चले गए, महिला किसी तरह अपने घर पहुंची और घरवालों से घटना का जिक्र किया जिसके बाद परिजनों के साथ वह पुलिस थाने पहुंची और रिपोर्ट दर्ज हो सका।

### स्वास्थ्य केंद्र में छुट्टी के दौरान वारदात को अंजाम दिया गया है

मामले में जैसी जानकारी सामने आ रही है उसके अनुसार जिस परिसर में उप स्वास्थ्य केंद्र संचालित है वहां प्राथमिक विद्यालय आंगनबाड़ी व पंचायत कार्यालय भी साथ ही संचालित है चूंकि दीपावली अवकाश के कारण विद्यालय एवम आंगनबाड़ी बंद थे और पंचायत कार्यालय भी 12 से 1 बजे के बीच बंद हो गया जिस मौके का ही युवकों ने फायदा उठाया और महिला अधिकारी को अकेले पाकर घटना को अंजाम दिया। मामले में सभी आरोपी ग्राम के ही बताए जा रहें हैं जहाँ उप स्वास्थ्य केंद्र संचालित है और महिला ने सभी के नाम से नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है और सभी की गिरफ्तारी भी पुलिस ने कर ली है।




### नाबालिक ने ही घटना को दिया अंजाम,अन्य तीन सहयोगी भी साथ देने के आरोप में गिरफ्तार

मामले में महिला स्वास्थ्य अधिकारी के साथ केवल नाबालिक युवक ने ही रेप की घटना को अंजाम दिया, शेष दो जिनके नाम ओम प्रकाश और रामकुमार हैं वह सहयोगी रहे और उन्होंने नाबालिक की घटना को अंजाम देने में मदद की और वीडियो बनाई,वहीं एक अन्य युवक जिसे पुलिस ने आरोपी बनाया है उसके संबंध में बताया जा रहा है कि उस युवक के मोबाइल से ही महिला के साथ घट रही रेप की घटना का वीडियो बनाया गया और उक्त युवक का नाम किशन है जो कि ग्राम के ही कोटवार का बेटा है। पूरे मामले में 4 आरोपी शामिल रहे और चारों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

### नवीन जिला गठन पश्चात दूसरी रेप की घटना

एमसीबी नवीन जिला गठन के बाद रेप की यह दूसरी बड़ी घटना है जिसमे बंधक बनाकर एक महिला स्वास्थ्य अधिकारी के साथ उसके कार्यालय में ही रेप को घटना को अंजाम दिया गया है। पूरे मामले में पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए गिरफ्तारी कर ली है।

### भाजपा ने किया पुलिस थाने का घेराव

घटना के विरोध में भाजपाइयों ने झगराखांड पुलिस थाने का घेराव किया और आरोपियों को सख्त सजा देने की मांग भी की। भाजपाइयों ने विरोध प्रदर्शन के दौरान सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए यह भी कहा कि कानून व्यवस्था की स्थिति राज्य में ठीक नहीं है और महिला सुरक्षा को लेकर सरकार बिल्कुल गंभीर नहीं है,वहीं भाजपाइयों ने यह भी कहा कि जब अपने शासकीय कार्यालयों में ही महिला कर्मी सुरक्षित नहीं है ऐसे में सुरक्षा व्यवस्था का अंदाजा स्वयं लगाया जा सकता है।

# शहीद के परिवारजन श्रीमती रजनी कुजूर को दीपावली पर्व पर सम्मानित किया गया

» पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार दीपावली पर्व पर माननीय मुख्यमंत्री महोदय के
» शुभकामना संदेश वाचन के लिए सरगुजा पुलिस पहुंची शहीद के परिजनों के घर।
» पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज एवं पुलिस अधीक्षक सरगुजा द्वारा शहीद परिवारों के परिजनों को दीपावली पूर्व किया गया सम्मानित।
» शहीद परिवार से मिलकर उनकी समस्याओं/परेशानियों के शीध्र निराकरण हेतु हर संभव मदद करने के संबंध में आस्वस्थ किया गया।

-संवाददाता-
**अम्बिकापुर, 22 अक्टूबर 2022(घटती-घटना)।**
पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज श्री अजय यादव (भा.पु.से.) द्वारा आज दिनांक को पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार दीपावली त्यौहार के अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री महोदय के शुभकामना संदेश वाचन हेतु पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज श्री अजय यादव (भा.पु.से.) एवं पुलिस अधीक्षक सरगुजा श्रीमती भावना गुप्ता (भा.पु.से.) द्वारा शहीद के परिवारजन श्रीमती रजनी कुजूर को दीपावली पर्व पर शुभकामना संदेश देकर सम्मानित किया गया एवं परिवारजनों से कुशल क्षेम जानकार किसी भी समस्या से अवगत कराने बताया गया।
कर्तव्य का निर्वहन करते हुये अपने प्राणों की आहुती देने वाले देश के अमर शहीदों को दीपावली पर्व पूर्व स्मरण करते हुए शहीद के परिवारजनों को सम्मानित किया गया, पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज द्वारा शहीद परिवार से मिलकर उनकी समस्याओं/परेशानियों के शीध्र निराकरण हेतु हर संभव मदद करने के संबंध में आस्वस्थ किया गया।



पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज द्वारा शहीदों के परिजनों से मिलकर उनका हाल जाना, शहीद के परिजनों से वार्तालाप किया गया कि हम सब एक परिवार के समान हैं, अपने आपको कभी अकेला न समझें, किसी भी किस्म की पारिवारिक, व्यक्तिगत अथवा आर्थिक समस्या हो तो अवगत करायें। समस्या के समाधान का सकारात्मक प्रयास निष्चित् रूप से किया जावेगा।

# रेत चुराने नदी खोद रहे हैं रेत माफिया,खनिज अमला नींद में...





-राजा मुखर्जी-
**कोरबा 22 अक्टूबर 2022 (घटती-घटना)।**
जिले के कटघोरा क्षेत्र में अहिरन नदी का सीना चीर कर रेत की चोरी धड़ल्ले से दिनदहाड़े बदस्तूर जारी है। मौजूदा तस्वीर ग्राम डुड़गा से होकर बहने वाली अहिरन नदी की है, जहां नदी के किनारे और बीच में दर्जन भर ट्रैक्टर लगाकर रेत खोदी जा रही है। बेतरतीब तरीके से खोदी जा रही रेत के कारण बनने वाले गड्ढे छोटे-बड़े हादसे का सबब कब बन जाए कोई नहीं बता सकता। अपने मतलब के लिए नदी को नुकसान पहुंचा रहे लोगों के द्वारा सरकार को राजस्व की हानि तो पहुंचाई जा रही है साथ ही चोरी भी कर रहे हैं जिस पर किसी तरह की पुलिस/प्रशासनिक कार्यवाही नहीं होती माइनिंग अमला वैसे भी इस क्षेत्र में होने वाली खनिज संबंधी अवैधानिक गतिविधियों से या तो जानबूझकर अनजान है या फिर उसे खबर ही नहीं लगती। पर्यावरण विभाग को तो और भी मतलब नहीं जबकि नदी को इस तरह से नुकसान पहुंचाना एनजीटी के निर्देशों का खुला उल्लंघन है। इस नदी से रेत खोदने की वैधानिक अनुमति भी नहीं लेकिन जिस तरीके से यहां से रेत लगातार निकाली जा रही है उससे यह तो स्पष्ट है कि कहीं न कहीं संबंधित लोगों को अच्छा खासा संरक्षण प्राप्त है। बताया जा रहा है कि स्थानीय ग्रामीणों ने रेत चोरी के कार्य में लगे लोगों को कई बार मना भी किया और विरोध भी जताया लेकिन उन्हें ट्रैक्टर के नीचे कुचल देने, दुर्घटना कर देने या अंजाम भुगतने की धमकी देकर भयभीत और चुप करा दिया जाता है अहिरन नदी के इस तरफ डुड़गा और उस तरफ कसनिया गांव है। कई ग्रामीण और मजदूर वर्ग के लोग जो इस पार से उस पार काम करने के लिए जाते हैं, वे अक्सर शॉर्टकट रास्ता होने के कारण नदी को पार करते हैं। नदी काफी गहरी नहीं है इसलिए आसानी से पैदल पार हो जाते हैं, लेकिन अभी जिस तरीके से रेत की खुदाई अंधाधुंध की जा रही है उससे अब नदी पार करने वालों की जान पर खतरा उत्पन्न होने की संभावना बढ़ गई है। सम्बंधित विभागों द्वारा सख्त कार्यवाही का नहीं किया जाना रेत चोरों के मनोबल को बढ़ाने के लिए पर्याप्त है।

# स्वास्थ्य मंत्री ने जागरूकता रैली को दिखाई हरी झंडी

-संवाददाता-
**अम्बिकापुर, 22 अक्टूबर 2022(घटती-घटना)।**
छत्तीसगढ़ शासन के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री टीएस सिंहदेव ने शनिवार को सप्तम राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस के अवसर पर आयोजित जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। आयुष विभाग द्वारा अम्बिकापुर के घड़ी चौक में आयोजित कार्यक्रम में सर्वप्रथम अतिथियों के द्वारा भगवान धन्वन्तरी के छाया चित्र में पुष्प अर्पित कर नमन किया गया।स्वास्थ्य मंत्री श्री सिंहदेव ने कहा कि आयुर्वेद को दैनिक जीवन मे अपनाकर शरीर को आसानी से स्वस्थ रखा जा सकता है। आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति से बहुत ही कम खर्चे में ईलाज हो सकता है। योग को अपनाकर कई बीमारियों से बचा जा सकता है। उन्होंने कहा कि घरेलु उपयोग की सामग्रियों जिनमें अधिकांश मसाले के रूप में उपयोग करते है उनका सही समय पर और सही मात्रा में उपयोग दवा का काम करते हैं। जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ केडी मिश्रा ने बताया कि लोगों को आयुर्वेद अपनाने के लिए जागरूक करने आयुर्वेद पखवाड़ा चलाया जा रहा है। हर दिन आयुर्वेद, हर घर आयुर्वेद की थींम पर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसके साथ ही स्वच्छता से स्वस्थ जीवन के बारे में भी लोगां को बताया जा रहा है।इस अवसर पर सीजीएमएससी के अध्यक्ष व लुण्ड्रा विधायक डॉ प्रीतम राम, पार्षद शैलेन्द्र सोनी सहित अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधि, आयुष विभाग के चिकित्सक व गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# आरक्षक सियाराम साहू मामले में छत्तीसगढ़ मानवाधिकार आयोग ने लिया संज्ञान

» पुलिस महानिदेशक को पत्र लिखकर पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा से मामले में प्रतिवेदन की है मांग।
» निश्चित समयावधि में मानवाधिकार आयोग ने मांगा है प्रतिवेदन,10 नवंबर तक देनी है रिपोर्ट।
» कोरिया जिले के पुलिस आरक्षक सियाराम साहू ने पुलिस अधिकारियों के विरुद्ध लगाया है प्रताड़ना का आरोप।

-संवाददाता-
**बैकुण्ठपुर 22 अक्टूबर 2022 (घटती-घटना)।**
कोरिया जिले के पुलिस आरक्षक सियाराम साहू ने खुद को जिले के पुलिस अधिकारियों से पीड़ित बताते हुए मानवाधिकार आयोग छत्तीसगढ़ में आवेदन पत्र दिया था जिसपर मानवाधिकार आयोग ने सज्ञान लिया है और पूरे मामले में छत्तीसगढ़ के पुलिस महानिदेशक से सरगुजा संभाग के पुलिस महानिरीक्षक से मामले में प्रतिवेदन रिपोर्ट की मांग की है यह प्रतिवेदन 10 नवम्बर या उसके पहले मानवाधिकार के समक्ष प्रस्तुत करना है ऐसा पत्र में स्पस्ट लिखा हुआ है।
बता दें कि पुलिस विभाग कोरिया में पदस्थ आरक्षक सियाराम साहू जो कोरिया जिले में ही पदस्थ हैं और लगातार विभाग के अधिकारियों के ऊपर प्रताड़ना का आरोप लगाते रहते हैं को विगत दिनों पुलिस थाना पटना के प्रभारी ने एक मामले में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था जिसमे आरक्षक को तत्काल जमानत भी मिल गई थी वहीं मामले में न्यायालय के विद्वान न्यायाधीश ने आरक्षक को प्रथम दृष्टया दोषी नहीं माना था,मामले में पुलिस थाना पटना के प्रभारी को भी तात्कालीन फटकार लगी थी और उन्हें विवेचना में त्रूटि और द्वेषवश मामले में गिरफ्तारी की वजह से लाइन हाजिर भी किया गया था। अब आरक्षक मानवाधिकार अयोग की शरण में जाकर न्याय की गुहार लगाया और उसकी गुहार सुन ली गई है और मामले में आयोग हरकत में भी आ गया है। तात्कालीन थाना प्रभारी पटना के ऊपर लगातार लगा चुका है आरक्षक स्वयं को झूठे मामले में फंसाने का आरोप- मामले में जैसा कि बताया जा रहा है आरक्षक जो कि पुलिस थाना पटना क्षेत्र का ही निवासी है और उसे लगातार तात्कालीन थाना प्रभारी पटना द्वारा उसे झूठे मामले में फंसाया जा रहा है ऐसा आरोप वह लगातार लगाता चला आया है।





# पटाखा दुकानों के बीच छाया रहा निजात अभियान

-संवाददाता-
**कोरबा 22 अक्टूबर 2022 (घटती-घटना)।**
पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह द्वारा जिले भर में निजात अभियान के तहत नारकोटिक ड्रग्स , टैबलेट, अवैध शराब सेवन से होने वाले नुकसान के संबंध में जन जागरुकता अभियान चलाया जा रहा । इसी कड़ी में जिले के बालको थाना क्षेत्र अन्तर्गत भी निजात अभियान छाया रहा । बालको थाना प्रभारी मनीष नागर के निर्देशानुसार बालको रामलीला मैदान स्टैंड स्थित सभी फटाके दुकानों में चाहत अभियान के तहत जागरूकता फैलाने हेतु बैनर,पोस्टर एवं पंपलेट लगाए गए, एवं नशे से संबंधित होने वाले नुकसान के बारे में भी बताया गया । बालको थाना प्रभारी मनीष नागर ने बताया की नसे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम आगे भी निरंतर जारी रहेंग


**कार्यालय, कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग, (वि,/यां.) संभाग**
**अम्बिकापुर, जिला सरगुजा (छ0ग0)**
**निविदा आमंत्रण सूचना**

क्रमांक-5511/NIT-9/-2022-2023/व.ले.लि. दिनांक-19/10/2022

निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि :- 02/11/2022 अपरान्ह 5.30 बजे तक
ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदायें प्राप्त करने की अंतिम तिथि :- 10/11/2022 अपरान्ह 5.30 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि :- 11/11/2022 पूर्वान्ह 11.30 बजे तक

**कार्य हेतु :-**
निविदा प्रपत्र का मूल्य :- 750.00 रूपये, निविदाकारों की श्रेणी :- ई-पंजीयन के अंतर्गत द से अ तक तथा कार्य की अवधि दिनांक 31/10/2023 तक वर्षा ऋतु सहित निर्धारित है।

| एनआईटी क्र.9 निविदा क्र. | कार्य का नाम/NoOFCalls (प्रथम आमंत्रण) | कार्य की अनुमानित लागत (लाख में)-अमानत राशि (रू.में) बैंक साल्वेंसी (रू.में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| T0086 | Probable Providing Eldctrification to Maa Mahamaya Airport at Darima,Ambikapur //Mate Office and Ground Steff, Panel Room and CCT Room, CNS Room and ATC Tower, Fire Stor and Trining Center and Watch Tower etc// District Surguja, Chhattisgarh//Deposit Work// | 18.87-14153.00-283050.00 |
| T0087 | Probable Providing SITC to PAPI Light Cabling Maa Mahamaya Airport at Darima, Ambikapur District Surguja, Chhattisgarh//Deposit Work// | 19.86-14895.00-297900.00 |
| T0088 | Probable Providing SITC to PAPI LightRe Installation Maa Mahamaya Airport at Darima, Ambikapur District Surguja, Chhattisgarh//Deposit Work// | 10.14-7605.00-152100.00 |
| T0089 | Probable Providing Electrification to Maa Mahamaya Airport at Darima,Ambikapur //High Mas Light set Water Cooler etc/District Surguja, Chhattisgarh//Deposit Work// | 14.18-10635.00-212700.00 |

निविदा संबंधी शर्ते विभागीय वेबसाईट www.cg.nic.in/pwdraipur में live Tender-के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है। इनका अवलोकन संबंधित संभाग कार्यालय में किया जा सकता है।

कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग (वि./या.) संभाग अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ0ग0)

**जी.नंबर-95198/1**



**-::कार्यालय पुलिस अधीक्षक, जिला सरगुजा (छ.ग.)::-**
**निविदा आमंत्रण हेतु सूचना**

विज्ञाप्ति क्रमांक/पुअ/सर/एसी-1/निविदा/933/2022, दिनांक-20/10/2022

छत्तीसगढ़ शासन के राज्यपाल की ओर से छ.ग. शासन भण्डार क्रय नियम 2002 में उल्लेखित शर्तो के आधार पर Police Co-ordination Center अम्बिकापुर में Water Proofing कार्य एवं Police Co-ordination Center अम्बिकापुर में Renovation of Toilet Room's कार्य हेतु पंजीकृत डाक (ए.डी.)/स्पीड पोस्ट के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती हैः-

निविदा कार्यक्रम निम्नानुसार हैः-

01.निविदा प्रपत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि -03.11.2022 (सांय 05:00 बजे तक)
02. निविदा प्रपत्र कार्यालय में प्राप्त होने की अंतिम तिथि-13.11.2022(अपरान्ह 03:00 बजे तक)
03. निविदा खुलने की तिथि -13.11.2022(सायं04:00 बजे)
04. निविदा प्रपत्र का मूल्य -750/-रूपये (प्रत्येक)
05. सक्षम ठेकेदार -ई ग्रेड या ऊपर के
06. कार्य पूर्ण करने का समय -02 माह (वर्षा ऋतु सहित)

| क्र. | कार्य का नाम | कार्य की लागत (लाख में) | अमानत राशि |
|---|---|---|---|
| 01 | Police Co-ordination Center अम्बिकापुर में Water Proofing कार्य | 7.084 लाख | 5880.00 रूपये |
| 02 | Police Co-ordination Center अम्बिकापुर में Renovation of Toilet Room's कार्य | 13.02 लाख | 9765.00 रूपये |

**नियम एवं शर्तेः-**

01. निविदा से संबंधित आवश्यक नियम व शर्ते तथा अन्य विस्तृत जानकारियां कार्यालयीन अवधि में अद्योहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। 02.आवेदन पत्र के साथ राशि 750/- रूपये (रू. सात सौ पच्चास मात्र) नगद दे पावती प्राप्त कर या चालान लेखा शीर्ष 0055 पुलिस शीर्ष 102 अन्य प्राप्तियां मद में जमा कर चालन की मूलप्रति पुलिस अधिक्षक कार्यालय, अम्बिकापुर में प्रस्तुत कर निविदा प्रपत्र प्राप्ति की जा सकती है, जो किसी भी दशा में वापसी योग्य नहीं होगा। 03. निर्धारित अंतिम तिथि के बाद प्राप्त निविदा मान्य नहीं होगी। 04. पुलिस अधीक्षक जिला सरगुजा को अंतिम अधिकार होगा कि वे बिना कारण बताये निविदा निरस्त कर सकते हैं एवं निविदा की तिथि में संशोधन कर सकते हैं या निविदा आमंत्रित कर सकते हैं।

**जी.नंबर-95262/1**

**पुलिस अधीक्षक**
सरगुजा

# न्यूज़ीलैंड ने डिफेंडिंग चैंपियन ऑस्ट्रेलिया को 89 रन से दी मात



**सिडनी , 22 अक्टूबर 2022।** डेवोन कॉनवे की 58 गेंद में नाबाद 92 रन की पारी के बाद टिम साउदी और मिशेल सेंटनर के तीन-तीन विकेट की बदौलत न्यूजीलैंड ने शनिवार को यहां टी20 विश्व कप के सुपर 12 चरण के शुरुआती मैच में गत चैम्पियन आस्ट्रेलिया को 89 रन के बड़े अंतर से शिकस्त देकर अपने अभियान को शानदार तरीके से शुरू किया। इस 31 साल के वामहस्त बल्लेबाज ने अपनी शानदार नाबाद पारी में सात चौके और दो छक्के जड़े जिससे न्यूजीलैंड ने पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर तीन विकेट पर 200 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया।

कॉनवे के साथ युवा सलामी बल्लेबाज फिन एलेन (16 गेंद में 42 रन) ने न्यूजीलैंड को आक्रामक शुरूआत दिलाई। दोनों ने पहले विकेट के लिए 25 गेंद में 56 रन जोड़े। लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलियाई टीम को साउदी (2.1 ओवर में छह रन देकर तीन विकेट) ने शुरुआती झटके दिये तो वही सेंटनर (चार ओवर में 31 रन पर तीन विकेट) ने मध्यक्रम के बल्लेबाजों को अपनी फिरकी में फंसाया जिससे टीम 17.1 ओवर 111 रन पर आउट हो गयी। टी20 अंतरराष्ट्रीय में यह रनों के लिहाज से ऑस्ट्रेलिया की दूसरी सबसे बड़ी हार है।

न्यूजीलैंड के खिलाफ टीम अपनी सरजमीं पर 2011 के बाद पहली बार हारी है। साउदी ने पारी के दूसरे ओवर में डेविड वार्नर (पांच रन) को चलता किया। वार्नर पुल शॉट खेलने के प्रयास में गेंद को विकेटों पर मार बैठे। मिशेल मार्श (16 रन) ने इसके बाद कुछ अच्छे शॉट लगाकर ऑस्ट्रेलिया की वापसी करायी लेकिन सेंटनर ने कप्तान केन विलियमसन के हाथों ऑस्ट्रेलिया के कप्तान आरोन फिंच (13 रन) को कैच कराया। इसके तुरंत बाद साउदी ने मार्श को अपना दूसरा शिकार बनया।

सेंटनर ने खतरनाक मार्कस स्टोइनिस (सात रन) और टिम डेविड (11 रन) अपनी चतुराई से आउट किया, जिससे ऑस्ट्रेलिया ने की आधी टीम 10.2 ओवर में पवेलियन लौट गयी थी। ग्लेन फिलिप्स ने डाइव लगाकर स्टोइनिस का शानदार कैच लपका तो वही जिमी नीशाम ने डेविड का कैच लिया। लॉकी फर्ग्युसन ने विकेटकीपर मैथ्यू वेड (दो रन) तो वहीं ईश सोढ़ी ने ग्लेन मैक्सवेल (28 रन) को आउट कर ऑस्ट्रेलिया की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। इससे पहले कोनवे ने पारी के दौरान ज्यादा जोखिम उठाने से परहेज किया लेकिन इसका असर रन बनाने की उनकी गति पर नहीं पड़ा। इस विकेटकीपर बल्लेबाज ने पारी के 13वें ओवर में एडम जाम्पा की गेंद को दर्शकों के पास भेज कर अपना अर्धशतक पूरा किया।

वह इस पारी के दौरान टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में डाविड मलान के बाद सबसे तेजी से 1000 रन पूरे करने वाले दूसरे बल्लेबाज बने। पारी के आखिरी ओवरों में जिमी नीशाम (13 गेंद में 26 रन) के पास अधिक स्ट्राइक रहा जिससे वह इस प्रारूप में अपना पहला शतक पूरा करने से चूक गया। नीशाम ने पारी की आखिरी गेंद पर हेजलवुड के खिलाफ छक्का लगाकर टीम के स्कोर को 200 रन तक पहुंचाया। अनुभवी मार्टिन गुप्टिल की जगह टीम में शामिल हुए 23 साल के एलन ने शुरुआती ओवरों में तीन छक्के और पांच चौके लगाकर एक बार फिर साबित किया कि उन्हें इस प्रारूप का भविष्य का सितारा क्यों कहा जा रहा है। उन्होंने दिग्गज मिशेल स्टार्क के शुरुआती ओवर में भी दो चौके और एक छक्का लगाकर अपने इरादे जाहिर कर दिये।

दूसरे ओवर में गेंदबाजी लिए आये टेस्ट और एकदिवसीय कप्तान पैट कमिंस के खिलाफ भी एलन ने छक्का लगाया जिससे टीम से इस ओवर में 17 रन बटोर कर आक्रामक आगाज किया। हेजलवुड ने एलन को आउट कर मैच में ऑस्ट्रेलिया की वापसी करायी लेकिन कॉनवे ने फिर विलियमसन (23 रन) के साथ 69 रन की साझेदारी बनायी। आस्ट्रेलिया के लिये हेजलवुड ने दो विकेट और जाम्पा ने एक विकेट झटके।



## विश्व कप से पहले कोस्टा रिका के डिफेंडर गालो डोपिंग जांच में पॉजिटिव,प्रतिबंधित

**जमैका , 22 अक्टूबर 2022।** फुटबॉल विश्व कप से चार हफ्ते पहले कोस्टा रिका के डिफेंडर ओरलांडो गालो को डोपिंग जांच में 'एनाबोलिक स्टेराइड' का पॉजिटिव आने के बाद फीफा द्वारा प्रतिबंधित कर दिया गया जिससे वह टूर्नामेंट में नही खेल पायेंगे। फीफा ने शनिवार को कहा कि गालो को 'अस्थायी रूप से निलंबित किया गया है और सामान्य प्रक्रिया शुरू कर दी है'।

फीफा ने मामले की अनुशासनात्मक सुनवाई के लिये कोई समयसीमा नहीं दी है। गालो पर चार साल का प्रतिबंध लग सकता है। वह इस समय कोस्टा रिका के क्लब हेरेडियानो के लिये खेलते हैं। कोस्टा रिका कतर फुटबॉल विश्व कप में अपना पहला मैच 23 सितंबर को स्पेन के खिलाफ खेलेगी। फिर उसे ग्रूप ई में जापान और जर्मनी से खेलना है।

# 15 साल बाद भारत के पास विश्व विजेता बनने का मौका

## रोहित शर्मा की कप्तानी का है बेहतर रिकॉर्ड

**मेलबर्न , 22 अक्टूबर 2022।** टी20 विश्वकप के लिए मुकाबले शुरू हो गए हैं। टी-20 विश्व कप में भारत को ग्रुप तो में रखा गया है जहां उसे पाकिस्तान, बांग्लादेश और दक्षिण अफ्रीका जैसी मजबूत टीमों से भिड़ना है। इन सबके बीच टीम इंडिया 15 साल के सूखा को खत्म करने की कोशिश में मैदान पर उतरेगी। 2007 के बाद से टीम इंडिया ने ञ्20 विश्वकप का खिताब हासिल नहीं किया है। 2007 के पहले टी-20 विश्वकप का खिताब भारत ने जीता था। उस समय महेंद्र सिंह धोनी टी20 टीम के कप्तान थे। 2021 का ञ्20 विश्व कप भारत के लिहाज से काफी खराब गया था। पहले ही मुकाबले में उसे पाकिस्तान से हार का सामना करना पड़ा था। विराट कोहली उस वक्त टीम इंडिया के कप्तान थे। हालांकि, इस बार खेल प्रेमियों को इस बात की उम्मीद है कि टीम इंडिया शानदार प्रदर्शन करेगी।

भारत को अपना पहला मुकाबला 23 अक्टूबर को पाकिस्तान के खिलाफ खेलना है। ऑस्ट्रेलिया के साथ मैदानों पर टी20 विश्व कप के मुकाबले खेले जाएंगे। इस बात की उम्मीद की जा रही है कि टीम इंडिया सेमीफाइनल तक तो जरूर ही पहुंचेगी। लेकिन सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या 13 नवंबर को टीम इंडिया विश्व कप का फाइनल मुकाबला खेलेगी? हालांकि, रोहित शर्मा की कप्तानी का रिकॉर्ड शानदार रहा है। रोहित शर्मा को करिश्माई कप्तान माना जाता है। रोहित शर्मा ने अपनी कप्तानी में मुंबई इंडियंस को 5 बार आईपीएल का खिताब जीत पाया है। इसके अलावा पहली ही बार उन्होंने अपनी कप्तानी में एशिया कप का भी खिताब जीता था।



हालांकि, इस बार रोहित शर्मा एशिया कप का खिताब नहीं जीत सके।

रोहित शर्मा की कप्तानी में टीम इंडिया को कई सफलताएं हासिल हुई हैं। एशिया कप को छोड़ दें तो उन्होंने हर श्रृंखला को अपने नाम किया है। रोहित शर्मा ने अब तक 45 मैचों में कप्तानी की है जिसमें से 35 में भारत को जीत मिली है। महेंद्र सिंह धोनी के बाद रोहित शर्मा भारत के सबसे सफल कप्तान हैं। विराट कोहली ने टीम इंडिया के लिए टी20 मैचों में 50 में कप्तानी की थी जिसमें 32 में सफलता हासिल हुई थी। भारत को अगर टी20 विश्व कप जीतना है तो हर क्षेत्र में अच्छा प्रदर्शन करना होगा। लेकिन गेंदबाजों पर ज्यादा दबाव रहने वाला है। हाल में देखें तो भारतीय टीम की गेंदबाजी खास करके डेट ओवर में थोड़े कमजोर दिखाई दी है। ऐसे में कहीं ना कहीं टीम इंडिया को उसे मजबूत करना होगा। ऑस्ट्रेलिया में खेले जा रहे टी-20 विश्व कप में मोहम्मद शमी, हार्दिक पांड्या और सूर्यकुमार यादव को टीम इंडिया का ट्रंप कार्ड माना जा रहा है।

अगर ञ्20 का खिताब हासिल करना है तो रोहित शर्मा और केएल राहुल को अच्छी शुरुआत देनी होगी। इसके अलावा बीच के ओवरों में विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, दिनेश कार्तिक और ऋषभ पंत जैसे खिलाड़ियों को रन बनाने होंगे। हार्दिक पांड्या को अच्छे फिनिशर की भूमिका निभानी होगी। टीम इंडिया के लिए अच्छी बात यह भी है कि फिलहाल उसके साथ विश्व के सबसे बेहतर बल्लेबाजों में से एक राहुल द्रविड़ कोच के रूप में मौजूद हैं। ऑस्ट्रेलिया की पिचों पर राहुल द्रविड़ को खेलने का लंबा अनुभव है। इसके अलावा राहुल द्रविड़ टीम इंडिया के लिए इस वर्ल्ड कप में कोच के रूप में अहम भूमिका निभा सकते हैं।



## विश्व कप से पहले बहरीन के खिलाफ प्रदर्शनी मैच खेलेगा कनाडा

**टोरंटो,22 अक्टूबर 2022।।** कनाडा फीफा विश्व कप की तैयारियों के तहत 11 नवंबर को बहरीन के खिलाफ प्रदर्शनी फुटबॉल मैच खेलेगा। दुनिया की 41वीं रैंकिंग की कनाडा की टीम 17 नवंबर को दुबई में 24वीं रैंकिंग वाले जापान के खिलाफ पूर्व निर्धारित मैच से पहले मनामा में दुनिया की 85वें नंबर की टीम बहरीन से भिड़ेगी। यूरोप के कई खिलाड़ियों को 12 और 13 नवंबर को क्लब मुकाबले खेलने हैं लेकिन मेजर लीग सॉकर में खेलने वाले खिलाड़ी बहरीन में प्रदर्शनी मैच के लिए उपलब्ध रहेंगे। जोनाथन ओसोरियो, मार्क-एंथोनी काये, रिची लारिया और डोनिल हेनरी की टोरंटो टीम ने अपना पिछला मुकाबला नौ अक्टूबर को खेला था।

## न्यूज़ीलैंड के कप्तान केन विलियमसन ने जीत के बाद कहा,हम जैसा चाहते थे,वैसा ही खेले

**सिडनी , 22 अक्टूबर 2022।** कप्तान केन विलियमसन ने शनिवार को कहा कि सकारात्मक परिणाम हासिल करने का रवैया अपनाने से उनकी टीम अपने चिर प्रतिद्वंदी ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उसी की धरती पर 12 साल बाद सीमित ओवरों के मैच में जीत दर्ज कर पाई। न्यूजीलैंड ने टी20 विश्व कप के सुपर 12 के पहले मैच में मौजूदा चैंपियन ऑस्ट्रेलिया को 89 रन से करारी शिकस्त दी।

न्यूजीलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए तीन विकेट पर 200 रन बनाए और फिर आस्ट्रेलिया को 111 रन पर आउट कर दिया। न्यूजीलैंड की तरफ से डेवोन कॉनवे ने 58 गेंदों पर नाबाद 92 रन बनाए। विलियमसन ने अपने बल्लेबाजों की प्रशंसा की। विलियमसन ने मैच के बाद कहा कि यह उन दिनों में से एक दिन था जब हमने बेजोड़ खेल दिखाया। सलामी जोड़ी ने लय बनाई और सभी ने बल्लेबाजी के दौरान अच्छा योगदान दिया। यह इस पिच पर अच्छा स्कोर था।'' उन्होंने कहा कि इसके बाद गेंदबाजों ने अच्छा



प्रदर्शन किया और क्षेत्र रक्षकों ने उनका अच्छा साथ दिया।

प्रत्येक टीम में अपनी भूमिका को जानता है। हम जानते हैं कि उनकी गेंदबाजी कितनी अच्छी है लेकिन हमने पूरे मैच के दौरान अच्छा प्रदर्शन किया। हम जैसा चाहते थे हमने वैसा खेल दिखाया।'' ऑस्ट्रेलिया के कप्तान आरोन फिंच ने कहा न्यूजीलैंड ने उन्हें खेल के हर विभाग में मात दी।

फिंच ने कहा कि उनके सलामी बल्लेबाजों ने पहले चार ओवरों में ही अच्छा मंच तैयार कर दिया था और हम इससे उबर नहीं पाए। हमें अच्छी शुरुआत की जरूरत थी लेकिन ऐसा नहीं हुआ। उन्होंने हमें खेल के हर विभाग में मात दी। हमें अगला मैच श्रीलंका से खेलना है। हमें अब सभी चार में जीतने की जरूरत है।'' मैन ऑफ द मैच कॉनवे ने कहा कि खिलाड़ियों ने आज विशेष प्रदर्शन किया। फिन एलेन को भी श्रेय जाता है। वह युवा है लेकिन वह आक्रामक और बेपरवाह अंदाज में बल्लेबाजी करता है। जिस तरह से फिन ने बल्लेबाजी की उससे मुझे भी मदद मिली।

# भारत-पाक राजनीति से अछूता नहीं रहा शारजाह स्टेडियम

**नई दिल्ली, 22 अक्टूबर 2022।।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के बीच इस समय 2023 एशिया कप के आयोजन स्थल को लेकर खींचतान चल रही है, लेकिन भारत और पाकिस्तान क्रिकेट टीमों के लिए के लिए यह कोई नई बात नहीं है जिनके पास हमेशा राजनीतिक तनाव के कारण मुद्दे रहे हैं। अपने-अपने घरेलू मैदानों में द्विपक्षीय श्रृंखला की अनुपस्थिति के बावजूद, दोनों राष्ट्र, वर्षों से तटस्थ स्थानों पर खेलकर अपनी प्रतिद्वंद्विता को बरकरार रखने में सफल रहे हैं। अन्य टीमों के बीच के मैचों के विपरीत, भारत बनाम पाकिस्तान मैचों में न केवल मैदान पर एक्शन बल्कि क्रिकेट के बाहर की चीजें भी बहुत मायने रखती हैं। इतिहास और सामाजिक-राजनीतिक तनाव के कुछ प्रमुख कारक हैं, जो भारत-पाक खेल में भी शामिल हैं। ऐसे में इन सभी बातों को ध्यान में रखते हुए खिलाड़ियों की सुरक्षा सर्वोपरि है, जिसके कारण अंततः तटस्थ स्थान पर खेलने का विकल्प सामने आता है। शारजाह हो, टोरंटो हो, दुबई हो, अबू धाबी हो, इन स्थानों में कड़े मुकाबले खेले जाते हैं।

1981 के बाद से 20 वर्षों के लिए, एकमात्र तटस्थ स्थल जो भारत-पाकिस्तान के बीच अपार धूमधाम से मुकाबला कर सकता था, वह शारजाह था। संयुक्त अरब अमीरात में शारजाह क्रिकेट स्टेडियम 1980 के दशक की शुरूआत में बनाया गया था और बहुत जल्दी टूर्नामेंट के लिए घोषणा की गई। 1983 में भारत की विश्व कप जीत के बाद एक दिवसीय क्रिकेट की लोकप्रियता में शारजाह का नाम लोगों के दिमाग में आया। 1984 और 2003 के बीच, मैदान ने 198 एकदिवसीय और चार टेस्ट मैचों की मेजबानी की। स्टेयिम में दिग्गजों की घटनाओं और अन्य दूसरे-स्ट्रिंग टूर्नामेंटों की भी मेजबानी की।

सभी मैच द क्रिकेटर्स बेनिफिट फंड सीरीज (सीबीएफएस) के





तत्वावधान में खेले गए, जिसे 1981 में अब्दुल रहमान बुखारीर द्वारा स्थापित किया गया था और जिसका मुख्य उद्देश्य भारत और पाकिस्तान के अतीत और वर्तमान पीढ़ियों के क्रिकेटरों को लाभ के साथ सम्मानित करना था। 1985 में रोथमैन फोर-नेशंस कप हो, जिसमें दो सर्वश्रेष्ठ आलराउंडर कपिल देव और इमरान अपनी-अपनी टीमों के लिए चमकते दिखे, या चेतन शर्मा के खिलाफ जावेद मियांदाद का आखिरी गेंद पर छक्का, शारजाह क्रिकेट स्टेडियम ने कुछ ऐतिहासिक क्षण पैदा किए।

1990 के दशक के अंत में जब मैच फिक्सिंग घोटाले सामने आने लगे, तो शारजाह का नाम खराब होने लगा, लेकिन कुछ भी साबित नहीं हुआ। 2001 में, दिल्ली पुलिस द्वारा मैच फिक्सिंग कांड का खुलासा करने के बाद, भारत सरकार ने राष्ट्रीय टीम को वहां खेलने से प्रतिबंधित कर दिया। अप्रैल 2003 और फरवरी 2010 के बीच, इस स्थल ने कोई अंतरराष्ट्रीय आयोजन नहीं किया, लेकिन एसोसिएट्स ने वहां खेल खेलना शुरू कर दिया और पाकिस्तान को अपने देश में सुरक्षा समस्याओं के कारण एक आफ-शोर स्थल की आवश्यकता थी। दुबई और अबू धाबी के स्टेडियम अब भारत-पाकिस्तान मैचों के लिए तटस्थ स्थानों का विकल्प दे रहे हैं। बीच में, टोरंटो ने सहारा कप की भी मेजबानी की, जो पाकिस्तान और भारत के बीच द्विपक्षीय एकदिवसीय क्रिकेट श्रृंखला थी। इसका मंचन 1996 से 1998 तक हुआ और सभी मैच दिन में खेले गए। पाकिस्तान ने पहली श्रृंखला 1996 में 3-2 से जीती, जबकि भारत ने 1997 में 4-1 से जीत हासिल की। पाकिस्तान ने 1998 में फिर से 4-1 से जीत हासिल की। तीन साल की अवधि में कुल 15 मैच खेले गए। यह सीरीज पीसीबी और बीसीसीआई दोनों द्वारा अंतर्राष्ट्रीय प्रबंधन समूह (आईएमजी) के साथ पांच साल का समझौता था। ट्रांस वर्ल्ड इंटरनेशनल (टीडब्ल्यूआई) और ईएसपीएन के पास प्रसारण अधिकार थे। श्रृंखला ने शारजाह कप की तरह ही क्रिकेट के क्षेत्र में अच्छी लोकप्रियता हासिल की थी।

# चित्रगुप्त पर विवादों के बाद थैंक गॉड में बदला गया अजय देवगन का नाम

अजय देवगन की फिल्म थैंक गॉड दिवाली के मौके पर रिलीज हो रही है। हालांकि, इस अवसर के उलट फिल्म पर हिंदु भावनाओं को आहत करने के आरोप लग रहे हैं। विवादों में घिरता देख निर्माताओं ने इससे बचने का फैसला किया है। फिल्म में अजय आधुनिक चित्रगुप्त का किरदार निभा रहे हैं। उनके इस किरदार पर विवाद खड़ा हो गया था और फिल्म पर प्रतिबंध लगाने की मांग हो रही थी। अब उनका नाम बदल दिया गया है।

रिपोर्ट के अनुसार फिल्म में अजय का नाम चित्रगुप्त को बदलकर सीजी कर दिया है। सेंसर बोर्ड के निर्देश पर भी फिल्म में तीन बदलाव किए गए हैं। एक दृश्य में हनुमान जी को मिठाई चढ़ाते दिखाया गया है। इस दृश्य में अब हनुमान को पीछे से दिखाया जाएगा। एक शराब के ब्रैंड का नाम ब्लर किया जाएगा और डिसक्लेमर को और लंबा किया जाएगा। इन बदलावों के





बाद फिल्म को सेंसर बोर्ड से यू/ए सर्टिफिकेट मिल गया है।

फिल्म के रिलीज पर स्टे की मांग करते हुए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की गई थी। हालांकि, कोर्ट ने इसपर सुनवाई के लिए 1 नवंबर की तारीख दी थी। इससे पहले कर्नाटक में भी एक धार्मिक संगठन ने फिल्म पर रोक लगाने की मांग की थी। उत्तर प्रदेश में निर्माता के खिलाफ धार्मिक भावनाएं आहत करने के लिए मामला दर्ज हो चुका है। मध्य प्रदेश के शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग ने फिल्म पर प्रतिबंध लगाने की मांग की थी। फिल्म में अजय को चित्रगुप्त के किरदार में दिखाया गया है। चित्रगुप्त का हिंदू धर्म की मान्यताओं में विशेष स्थान है। यही वजह है कि लोग फिल्म पर भड़के हुए हैं। इस किरदार में अजय के संवाद में आपत्तिजनक शब्द भी इस्तेमाल किए गए हैं। कुछ समय पहले थैंक गॉड का नया ट्रेलर जारी हुआ था जिसमें अजय का नाम  सीजी दिखाया गया। इसे टी-सीरीज और मारुति इंटरनैशनल ने मिलकर प्रोड्यूस किया है।



## फिटनेस क्वीन जॉर्जिया एंड्रियानी की कर्वी फिगर देख फैंस ने भरी आहें

एक्ट्रेस और मॉडल जार्जिया एंड्रियानी सोशल मीडिया पर फैंस की काफी चहेती हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो वो तेजी से फैंस के बीच वायरल होने लगती हैं। हाल ही में जॉर्जिया ने अपने लेटेस्ट बोल्ड और स्टनिंग फोटोशूट से एक बार फिर इंटरनेट पर आग लगा दी है। एक्ट्रेस की इन तस्वीरों को देख कर फैंस की भी नजरें हट पाना मुश्किल हो गई हैं। अरबाज खान की गर्लफ्रेंड जॉर्जिया हमेशा अपने बोल्ड फिगर और स्टनिंग लुक्स के कारण चर्चाओं में रहती हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी अदाओं के साथ-साथ दीवाने हो जाते हैं। हाल ही में एक्ट्रेस जॉर्जिया ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की हैं।  इन तस्वीरों में जॉर्जिया एंड्रियानी ने ऑरेंज कलर की बॉडीकोन ड्रेस पहनी हुई है। एक्ट्रेस जॉर्जिया एंड्रियानी इन तस्वीरों में बेहद ही सिजलिंग और हॉट नजर आ रहीं हैं। अभिनेत्री जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर करती हैं तो वो तेजी से वायरल होने लगती हैं। ग्लोइंग मेकअप के साथ जॉर्जिया ने बालों को खुला रखा है और एक से बढ़कर एक पोज देते नजर आ रही हैं। एक्ट्रेस की खूबसूरती देख यूजर्स कमेंट बॉक्स पर फायर इमोजी और रेड हार्ट की बौछार कर रहे हैं।

















CMYK

## संक्षिप्त समाचार

### सब इंस्पेक्टर की लिखित परीक्षा हुई स्थगित,आदेश जारी

रायपुर, 22 अक्टूबर 2022। छत्तीसगढ़ में सब इंस्पेक्टर के 975 पदों के लिए 6 नवंबर को होने वाली लिखित परीक्षा स्थगित कर दी गई है। इस संबंध में चार दिन पहले ही व्यापमं ने परीक्षा की तिथि घोषित की थी, लेकिन अचानक परीक्षा स्थगित करने की जानकारी दी गई है। देखें व्यापमं द्वारा जारी की गई।

### बीजेपी के 40 स्टार प्रचारक, छग से रमन न सरोज का नाम



रायपुर, 22 अक्टूबर 2022। हिमाचल प्रदेश विधान सभा चुनाव को लेकर आज भाजपा केंद्रीय संगठन ने 40 स्टार प्रचारकों में अमित शाह समेत नितिन गडकरी,अनुराग ठाकुर,शिवराज सिंह चौहान जैसे नामों को तो तरजीह दी मगर छत्तीसगढ के पूर्व मुख्यमंत्री डाक्टर रमन सिंह और सरोज पांडेय को इस सूची में स्थान न मिलना स्पष्ट संकेत हैं कि छत्तीसगढ में आगामी विधान सभा चुनाव मोदी के नाम पर ही लड़ा जाएगा।

### तालाब में हाथी का शव मिलने से फैली सनसनी, मौके पर वन अमला


सूरजपुर, 22 अक्टूबर 2022। सूरजपुर में हाथियों के आंतक के बीच एक हाथी का तालाब में शव मिलने से हड़कंप मच गया। इससे पहले भी एक हाथी की मौत की खबर सामने आई थी। सामने आए दूसरे मामले की जांच वन अमला कर रही है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार प्रतापपुर वन परिक्षेत्र का यह मामला। बताया जा रहा है कि टुकुड़ांड़ गांव के तालाब में जब हाथी का शव देखा तो दंग रह गए। इसके बाद यह खबर तेजी से फैल गई। सूचना पर वन अमला का टीम पहुंची है।

वहीं प्रारंभिक जांच के बाद वन अमला के कर्मचारियों का कहना है कि हाथियों के आपसी भिड़ंत हुई होगी। जिसमें एक हाथी की मौत हो गई। फिलहाल वन अमला मौके पर मौत की वजह तलाश रही है।

# क्या राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव में भी छत्तीसगढ़ में हुआ फर्जीवाड़ा?

- » भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष के लिए सम्पन्न हुए चुनाव व परिणाम घोषित होने के बाद बड़ी त्रुटि आई सामने।
- » मतदाता सूची में 295 क्रमांक पर दर्ज अनिल जायसवाल का नाम कोरिया जिले के अनिल जायसवाल का है स्पष्ट नहीं।
- » 295 क्रमांक पर दर्ज नाम वाड्रफनगर के अनिल कुमार जायसवाल का ऐसा बताते हैं:सूत्र।
- » क्या सच मे मतदान प्रक्रिया में हुई है त्रुटि, क्या सच है चुनाव प्रक्रिया में अध्यक्ष की दौड़ में शामिल शशि थरूर का बयान।




| | |
|---|---|
| 277 | RAJNATH SINGH |
| 278 | AALOK SINGH |
| 279 | ARVIND GUPTA |
| 280 | BALRAM YADAV |
| 281 | AMARJEET BHAGAT |
| 282 | DEVENDRAKUMARI SINGH |
| 283 | KHELSAY SINGH |
| 284 | JAFAR HAIDER |
| 285 | AKHILESH PRATAP SINGH |
| 286 | BHUWAN BHASKAR SINGH |
| 287 | GUL KHAN |
| 288 | SULOCHANI PAIKRA |
| 289 | PREMSAI SINGH TEKAM |
| 290 | NITI SINGH |
| 291 | SUSHIL YADAV |
| 292 | VIRENDRA SINGH |
| 293 | VINDESHWARI GUPTA |
| 294 | TAPASI SINGH |
| 295 | ANIL KUMAR JAISWAL |
| 296 | SMT. PREM BALA MARKAM |
| 297 | MANWAR SONU ALI |
| 298 | SADDAM SOLANKI |
| 299 | ABDULLA GUPTA |
| 300 | KRISHKUMAR RAJWADE |
| 301 | PRABHAT KUMAR SINGH |
| 302 | GULAB KAMRO |
| 303 | MAQSUD AALAM |
| 304 | RAMAVTAR AMLALKAR |
| 305 | DR. VINAY JAISWAL |
| 306 | GAYATRI BILHA |
| 307 | YOGESH SHUKLA |
| 308 | KALAWATI MARKAM |
| 309 | AMBIKA SINGH DEV |
| 310 | IRFAN KHAN |

CENTRAL ELECTION AUTHORITY 24, Akbar Road New Delhi-110011

MADHUSUDAN MISTRY
CHAIRMAN
CENTRAL ELECTION AUTHORITY
24, Akbar Road, New Delhi-110011

- रवि सिंह -

बैकुण्ठपुर 22 अक्टूबर 2022 (घटती-घटना)। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव को लेकर छत्तीसगढ़ में कोरिया जिले के कांग्रेस पिछड़ा वर्ग विभाग जिलाध्यक्ष अनिल कुमार जायसवाल के डिलिगेट्स सूची में नाम को लेकर कोरिया के लोग आश्चर्यचकित हैं आखिर यह नाम कैसे और कहां से जुड़ा जारी की गई, 310 लोगों की सूची में एक ही अनिल कुमार जायसवाल का नाम है पर कोरिया के नेता अनिल जायसवाल है यह स्पष्ट नहीं है वहीं जारी सूची में जो नाम अनिल कुमार जायसवाल है बताया जा रहा है कि वह वाड्रफनगर के रघुनाथनगर निवासी अनिल कुमार जायसवाल का नाम है जिन्होंने भी अपना मतदान किया है अब ऐसे में सवाल यह उठता है कि सूची में जब एक अनिल कुमार जायसवाल का नाम है तो दो अनिल जायसवाल कैसे मतदान कर सकते हैं? जिस समय सूची जारी हुई थी उस समय भी कोरिया में तीन ही लोगों का नाम चर्चा में था जिसमें स्थानीय विधायक अंबिका सिंहदेव, योगेश शुक्ला व कलावती मरकाम मतदान के दिन रायपुर पहुंचे थे, वहीं अनिल जायसवाल का मतदान करता हुआ फोटो लोगों को आश्चर्यचकित करने वाला साबित हुआ, वह भी इसलिए क्योंकि आखिर यह नाम कैसे और कब जुड़ा? अब यह कांग्रेस के लिए भी जांच का विषय बन गया है वही एक ही नंबर से दो पीसीसी डेलिगेट्स का आई कार्ड जारी होना भी फर्जीवाड़े के तरफ इशारा कर रहा है।

### कोरिया व रघुनाथ नगर के अनिल जयसवाल के नाम में सिर्फ कुमार का अंतर

कोरिया जिले के कांग्रेस नेता अनिल जायसवाल इसी नाम से प्रसिद्ध है और इनका नाम भी अनिल जायसवाल है पर सूची में अनिल कुमार जायसवाल का नाम शामिल है जो नाम वाड्रफनगर के रघुनाथ नगर के कांग्रेस नेता का बताया जा रहा है सूत्रों की माने तो वह भी मतदान कर चुके हैं पर ऐसे में सवाल यह है कि जब सूची में नाम एक है तो फिर मतदान दो अनिल जायसवाल कैसे कर सकते हैं?

### यदि हुआ फर्जीवाड़ा तो भाजपा के लिए हो सकता है नया मुद्दा

यदि इस प्रकार का फर्जीवाड़ा सच मे भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव में हुआ है तो यह प्रमुख विपक्षी दल भाजपा के लिए बड़ा मुद्दा हो सकता है,भाजपा पर लगातार आक्रमक रहने वाली कांग्रेस पार्टी को भाजपा इस मुद्दे पर घेर सकती है और सवाल पूछ सकती है,वैसे जहां तक मतदान करने की बात है दोनों ही अनिल जायसवाल ने मतदान किया है और दोनों के मत से निर्णय भी आ चुका है।

### एक ही सीरियल नंबर से दो पीसीसी डिलिगेट्स कार्ड कैसे हुआ जारी?

यही इस मामले में एक बड़ा सवाल यह भी है की पीसीसी डिलिगेट्स के एक ही सीरियल नंबर सीजी-2022/295 पर दो लोगों का नाम की आईडी कार्ड कैसे जारी हो गई? इसी सीरियल क्रमांक पर सद्दाम सोलंकी व अनिल कुमार जयसवाल दोनों के आई कार्ड बने हुए हैं बताया जा रहा है कि दोनों ने ही मतदान किया है पर सवाल बड़ा है कि इतनी बड़ी चूकिया या त्रुटि कैसे हुई? क्या इसकी जांच होगी कितना गंभीरता से पार्टी इस मामले को लेगी यह तो देखने वाली बात है?

### यदि निकला फर्जीवाड़ा तो भाजपा के लिए हो सकता है नया मुद्दा-

यदि यह मामला निष्पक्ष तरीके से जांच पर उतरा और फर्जीवाड़ा सिद्ध हुआ तो भाजपा के लिए यह नया मुद्दा बन सकता है, कांग्रेस पर निशाना साधने के लिए वैसे भी भाजपा इस मामले पर निशाना साधना चाहेगी क्योंकि उन्हें भी विपक्ष की राजनीति करनी है भाजपा इस मामले को तूल पकड़ा सकती है और पार्टी पर निशाना साध सकती है क्योंकि उसे एक अच्छा मुद्दा मिलता दिख रहा है।

### अनिल कुमार जयसवाल के जारी आई कार्ड के बारकोड को सर्च करने पर भी नाम आ रहा गलत

अनिल जायसवाल के नाम के बारकोड को सर्च करने पर भी नाम गलत ही बता रहा है और जिससे स्पष्ट है कि त्रुटि हुई है। जहां कांग्रेस खुद को सबसे बड़ी व लोकतांत्रिक पार्टी बताने से बिल्कुल भी परहेज नहीं कर रही थी वहीं उसी के संगठन चुनाव की यह खामी निश्चित रूप से बड़ी खामी है और यह पार्टी की छवि के विपरीत ही जाएगी।

### शशि थरूर ने भी निर्वाचन प्रक्रिया पर उठाए हैं सवाल

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष चुनाव में अध्यक्ष पद की दौड़ में शामिल शशि थरूर ने भी निर्वाचन प्रक्रिया पर सवाल उठाया है और छत्तीसगढ़ में हुई इस त्रुटि के बाद उनके आरोपों को बल मिलता है नजर आता है, अब देखना है कि क्या इसकी जांच होती है या फिर अब चुनाव परिणाम आने के बाद बात आई गई कर दी जाएगी।

मुझे कॉल आया था वोट डालने के लिए इसलिए मैने रायपुर कांग्रेस भवन जाकर वोट डाला है। ऊपर वाले ज्यादा बता पाएंगे।

**अनिल जायसवाल, कोरिया-**

मैं पीसीसी सदस्य हूँ वाड्रफनगर ब्लाक से मेरे साथ सुशील यादव का भी नाम है मैं सिंगरौली में हूँ कार्ड घर पर है।

**अनिल कुमार जायसवाल,रघुनाथ नगर**

## एक ही नंबर से जारी हुए डेलीगेट्स के दो आईडी कार्ड कैसे ?

### मामले से कुछ जुड़ा सवाल

- सवाल: क्या राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव में भी छत्तीसगढ़ में हुआ फर्जीवाड़ा?
- सवाल: एक ही नंबर से जारी हुए डेलीगेट्स के दो आईडी कार्ड कैसे?
- सवाल: डेलीगेट्स की सूची को लेकर बवाल, क्या कोरिया के अनिल जयसवाल का नाम सही में डेलीगेट्स की सूची में था?
- सवाल: कोरिया से डेलीगेट्स बतौर मतदान प्रक्रिया में शामिल हुए पिछड़ा वर्ग विभाग के जिलाध्यक्ष अनिल जायसवाल, मत को लेकर विरोधाभास की स्थिति क्यों?
- सवाल: मतदाता सूची में 295 क्रमांक पर दर्ज अनिल जायसवाल का नाम कोरिया जिले के अनिल जायसवाल का है स्पष्ट क्यों नहीं?
- सवाल: आखिर सूची में कोरिया के अनिल जायसवाल का नाम था या फिर वाड्रफनगर रघुनाथनगर के अनिल कुमार जायसवाल का नाम?
- सवाल: कोरिया जिले के अनिल जायसवाल का मतदान करना माना जा रहा है त्रुटिपूर्ण,क्या होगी जांच?

# धनतेरस पर आज मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने निवास पर धान की झालर बांधने की रस्म की पूरी



रायपुर, 22 अक्टूबर 2022। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ में दीपावली की सांस्कृतिक परंपरा के अनुरूप आज धनतेरस पर अपने निवास के द्वार पर धान की झालर बांधने की रस्म पूरी की।

दीपावली के दौरान खेतों में जब नयी फसल पककर तैयार हो जाती है, तब ग्रामीण धान की नर्म बालियों से कलात्मक झालर तैयार करते हैं। इनसे घरों की सजावट कर वे अपनी सुख और समृद्धि के लिए मां लक्ष्मी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते हुए उन्हें पूजन के लिए आमंत्रित करते हैं। ऐसा लोक विश्वास है कि उनका यह आमंत्रण उन चिड़ियों के माध्यम से देवी तक पहुंचता है, जो धान के दाने चुगने आंगन और द्वार पर उतरती हैं।

इस तरह प्रदेश की लोक-संस्कृति अपनी खुशियों को प्रकृति के साथ बांटती है और उसे सहेजती है। छत्तीसगढ़ में बस्तर से लेकर सरगुजा तक धान की झालर घर के आंगन और द्वार पर लटकाए जाने की परंपरा है। जिसे पहटा अथवा पिंजरा भी कहा जाता है।

# नशेड़ी पत्नी से अब तलाक ले सकता है पति

### हाईकोर्ट ने सुनाया अहम फैसला

रायपुर, 22 अक्टूबर 2022। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने अपने महत्वपूर्ण फैसले में कहा है कि पत्नी अगर पुरुषों की तरह पान मसाला, गुटखा और शराब के साथ नॉनवेज खाकर पति को तंग करती है तो वह क्रूरता है। नशे में पत्नी आत्महत्या की कोशिश कर ससुरालवालों को फंसाने की धमकी देने जैसी घटनााओं के सबूतों पर भी कोर्ट को विचार करना चाहिए। जस्टिस गौतम भादुड़ी और जस्टिस राधाकिशन अग्रवाल की बेंच ने इस केस में कोरबा के फैमिली कोर्ट के आदेश को निरस्त करते हुए पति को तलाक के लिए हकदार माना है। यह पूरा मामला कोरबा जिले का है।

बांकीमोंगरा में रहने वाले उदय शर्मा की शादी 19 मई 2015 को कटघोरा की प्रिया से हुई थी। शादी के महज सात दिन बाद 26 मई की सुबह उसकी पत्नी बिस्तर में अचेत पड़ी थी और उसे सांस लेने में दिक्कत हो रही थी। परेशान पति उसे इलाज कराने के लिए लेकर गया, तब पता चला कि वह पान मसाला, गुटखा और शराब पीने के साथ ही नॉनवेज खाने दी आदी है। शुरूआत में उन्हें लगा कि शादी के बाद पत्नी का व्यवहार बदल जाएगा। लेकिन, ससुरालवालों के प्रति उसका व्यवहार बदल गया और आए दिन दुर्व्यवहार करना शुरू कर दी।



उदय शर्मा की पत्नी शादी के बाद भी शराब पीती रहीं और नॉनवेज खातीं रहीं। वह गुटखा खाकर बेडरूम में इधर-उधर थूक देती थी, उसे मना करने पर वह लड़ाई झगड़ा करने लग जाती थी। महिला ने 30 दिसंबर 2015 को अपने ऊपर आग लगाकर आत्महत्या करने की कोशिश की। ससुरालवालों ने आग बुझाकर उसकी जान बचाई। इसके बाद वह दो बार छत से कूदकर आत्महत्या करने का प्रयास किया और फिर दो बार कीटनाशक पीकर आत्महत्या कर रही थी। हर बार घरवाले उसे बचाने के लिए मशक्कत करते रहे।

इस दौरान महिला जब गर्भवती हुई, तब वह पति की जानकारी के बिना ही गर्भपात करा ली। इसके बाद ससुरालवालों को झूठे केस में फंसाने की धमकी देने लगी। पति ने उसके इस तरह के व्यवहार को देखकर साइकेट्रिस्ट डॉक्टर से उपचार भी कराया। रायपुर में उसका इलाज चल रहा था। बाद में पत्नी की हरकतों को देखकर पति ने थाने में शिकायत की। लेकिन, पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की।

आखिरकार पत्नी की हरकतों से तंग आकर पति ने कोरबा के फैमिली कोर्ट में हिंदू विवाह अधिनियम की धारा 13(1)(द्ध-ड्ड) के तहत तलाक के लिए आवेदन प्रस्तुत किया। लेकिन कोर्ट ने उनके सबूतों को नजरअंदाज करते हुए आवेदन को खारिज कर दिया। हाईकोर्ट ने पत्नी की आदत, पति और ससुरालवालों को झूठे केस में फंसाने की धमकी, बार-बार खुदकुशी का प्रयास करना, बगैर अनुमति के गर्भपात कराने जैसे व्यवहार को पति और ससुरालवालों के साथ क्रूरता माना है। डिवीजन बेंच ने कहा है कि इस तरह के केस में सूबतों पर कोर्ट को विचार करना चाहिए।

# सुको.का आरक्षण देने से इंकार

### सीएम बोले लड़ेंगे लड़ाई

## सुप्रीम कोर्ट ने नहीं दिया स्टे,याचिकाकर्ता ने कहा- प्रदेश में खत्म हो गया है रिजर्वेशन






रायपुर, 22 अक्टूबर 2022। छत्तीसगढ़ में एसटी-एससी और अन्य पिछड़ा वर्ग के आरक्षण प्रावधानों पर संकट गहरा गया है। न्यायालय ने कहा, फिलहाल बिलासपुर उच्च न्यायालय के फैसले पर स्टे ऑर्डर नहीं दिया जा सकता। उच्च न्यायालय ने काफी विचार के बाद दो अधिनियमों को अलग (अपास्त) किया है। इसलिए इस पर पर्याप्त सुनवाई होने तक सरकार को विधि-सम्मत कार्रवाई करनी ही होगी।

याचिकाकर्ता योगेश ठाकुर ने राज्य सरकार को अवमानना का लीगल नोटिस भेजा है। सामान्य प्रशासन विभाग और दूसरे विभागों को तत्काल बताना होगा कि राज्य सरकार की ओर से कोई नया अधिनियम, अध्यादेश अथवा सर्कुलर जारी होने तक लोक सेवाओं एवं शैक्षणिक संस्थाओं में कोई आरक्षण नहीं मिलेगा। अधिवक्ता जॉर्ज थॉमस के जरिये यह लीगल नोटिस मुख्य सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग के सचिव और विधि एवं विधायी कार्य विभाग के सचिव को भेजा गया है। इसमें साफ किया गया है कि बिलासपुर उच्च न्यायालय के 19 सितम्बर के फैसले से फिलहाल नौकरियों और शैक्षणिक संस्थानों में आरक्षण पूरी तरह खत्म हो गया है।

### इधर भूपेश बोले, हमने भी दाखिल की है याचिका

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बताया है कि राज्य सरकार ने बिलासपुर उच्च न्यायालय के फैसले के खिलाफ सर्वोच्च न्यायालय में अपील कर दी है। इस फैसले को चुनौती देने की घोषणा 19 सितम्बर को ही हो गई थी। एक महीने बाद मुख्यमंत्री ने कहा, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति के आरक्षण हितों के लिए हम प्रतिबद्ध हैं। छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय द्वारा 58% आरक्षण को निरस्त किये जाने के खिलाफ हमने सर्वोच्च न्यायालय में याचिका दायर की है। यह लड़ाई पूरी तल्लीनता, तन्मयता और ईमानदारी से लड़ी जाएगी।

### नोटिस में छग. शासन पर भ्रम फैलाने का आरोप

नोटिस में याचिकाकर्ता की ओर से सरकार पर भ्रमित करने का आरोप लगाया गया है। कहा गया, 29 सितम्बर को सामान्य प्रशासन विभाग ने उच्च न्यायालय के फैसले की कॉपी सभी विभागाध्यक्षों को कार्रवाई के लिए भेजी। इसके साथ विधिक स्थिति का उल्लेख नहीं किया। इसकी वजह से अलग-अलग विभाग इसकी अलग-अलग व्याख्या कर रहे हैं। इससे प्रशासन में भ्रम की स्थिति बन गई है। सरकार आगे बढ़कर इसे स्पष्ट भी नहीं कर रही है।

# छत्तीसगढ़ में हुई मानसून की विदाई,बढ़ सकती है ठंड

रायपुर , 22 अक्टूबर 2022। देश में मानसून की विदाई हो चुकी है ,इसी के साथ छत्तीसगढ़ में भी मानसून खत्म हो गया है। हालांकि देश के उत्तर-पश्चिम इलाकों से मानसून लौटता हुआ दिखाई दे रहा है। छत्तीसगढ़ में बरसात का मौसम खत्म होने की आधिकारिक घोषणा हो गई है। 21 अक्टूबर के दोपहर बाद मानसूनी सिस्टम ने प्रदेश की दक्षिणी सीमा को पार कर लिया।

जानकारी के अनुसार बंगाल की खाड़ी में उठे चक्रवाती तूफान सितरंग की वजह से प्रदेश में बादल छाए रहने की संभावना अभी भी बानी हुई है। प्रदेश के बहुत से जिलों में बादल की वापसी हो सकती है। मौसम विभाग के मुताबिक 21 अक्टूबर को दक्षिण- पश्चिम मानसून की विदाई पूरे प्रदेश से हो गई है।



प्रदेश में बढ़ेगी ठंड

रायपुर मौसम विज्ञान केंद्र के विज्ञानी एच.पी. चंद्रा के मुताबिक प्रदेश में अब ठंड बढ़ सकती है। उत्तर से शुष्क और ठंडी हवा आ रही है। इसकी वजह से न्यूनतम तापमान में लगातार गिरावट बने रहने की संभावना है। आगे से प्रदेश का मौसम सूखा रहने की ही संभावना बन रही है। इस बीच उत्तर अंडमान सागर, दक्षिण अंडमान सागर और दक्षिण-पूर्व बंगाल की खाड़ी पर एक निम्नदाब का क्षेत्र बना है। इसके साथ ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती घेरा भी 7.6 किलोमीटर ऊंचाई तक फैला हुआ है। इसके पश्चिम-उत्तर-पश्चिम की ओर आगे बढ़ते हुए प्रबल होकर और 22 अक्टूर को अवदाब के रुप में परिवर्तित होने की संभावना है।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No. CHHHIN/2004/15050,मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)